RNI. No. UPHIN/2016/70626 http://bblivenews.com Email: benakabbharstachar@gmail.com

वर्ष : 09 अंक : 23
बहराइच
बुधवार, 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2025
पृष्ठ : 8
मूल्य 5 रूपए

# बेनकाब भ्रष्टाचार

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक समाचार पत्र

नाटी इमली भरत मिलाप 6 | पीके सिंह ने संजय से लिया चार्ज 7 | 100 से अधिक देशों के भारतीय डायस्पोरा 8

## संक्षिप्त समाचार

### करूर भगदड़ पर बीजेपी सांसद हेमा मालिनी का बड़ा दावा

(एजेंसी) करूर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद हेमा मालिनी ने मंगलवार को दावा किया कि करूर में तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) प्रमुख विजय की रैली के दौरान आयोजन स्थल के संकरा होने और कार्यक्रम के दौरान बिजली गुल हो जाने में 'कुछ तो गड़बड़' लगता ही है, क्योंकि ये बातें स्वाभाविक नहीं हो सकती हैं। हेमा मालिनी 27 सितंबर को वेलुसामीपुरम में हुई भगदड़ से जुड़ी परिस्थितियों की जांच के लिए यहां आये राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के आठ-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही हैं। इस भगदड़ में 41 लोगों की जान चली गयी और लगभग 60 घायल हो गए थे।

### ईडी के सामने पेश हुई अभिनेत्री उर्वशी रौतेला

(एजेंसी) नई दिल्ली। अभिनेत्री और मॉडल उर्वशी रौतेला मंगलवार को '1एक्स बीईटी' नामक एक ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग प्लेटफॉर्म से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुईं। यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने दी। उर्वशी रौतेला (31) इस प्लेटफॉर्म की भारत में एंबेसडर है, जो कैरेबियाई द्वीप कुराकाओ में पंजीकृत है। सूत्रों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उसका बयान दर्ज करना शुरू कर दिया है। पिछले कुछ सप्ताह में ईडी ने इस जांच के तहत युवराज सिंह, सुरेश रैना, रॉबिन उथप्पा और शिखर धवन जैसे क्रिकेटरों के अलावा अभिनेता सोनू सूद, मिमी चक्रवर्ती (पूर्व टीएमसी सांसद) और अंकुश हाजरा (बंगाली सिनेमा कलाकार) से भी पूछताछ की है।

### 8 साल की बच्ची से ताऊ ने की हैवानियत

(एजेंसी) ग्वालियर। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में नवरात्रि में बेहद शर्मनाक मामला सामने आया है, जिसने इलाके में सनसनी फैला दी। जहां नाका चन्द्रबदनी इलाके में आठ वर्षीय मासूम के साथ उसके ही ताऊ ने गलत काम किया। बच्ची के कपड़ों में लगे खून से घटना का खुलासा हुआ और परिजनों ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने देर रात आरोप को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार, बच्ची पंडाल में खेल रही थी, तभी आरोपी ताऊ बहलाफुसला कर उसे अपने घर ले गया। घर ले जाकर उसने बच्ची के साथ गलत काम किया।

## त्योहारी सीजन में रेल यात्रियों को बड़ी सौगात

# उत्तर रेलवे की नियमित ट्रेनों में उपलब्ध रहेंगी सीटें

❑ यात्री भीड़भाड़ से बचें-नियमित ट्रेनें बुक करें

(एजेंसी)




- ❑ 22447 नई दिल्ली अंब अंदौरा, चेयर कार 422 सीटें उपलब्ध 3 अक्टूबर से
- ❑ 22470 निजामुद्दीन-खजुराहो, चेयर कार 299 सीटें उपलब्ध 01 अक्टूबर से
- ❑ 12002 निजामुद्दीन-भोपाल शताब्दी, चेयर कार 200 सीटें 01 अक्टूबर से उपलब्ध
- ❑ 22436 नई दिल्ली-बनारस वंदे भारत, चेयर कार 306 सीटें 4 अक्टूबर से उपलब्ध
- ❑ 12034 नई दिल्ली-कानपुर शताब्दी, चेयर कार में 234 सीटें उपलब्ध 01 अक्टूबर से
- ❑ 12004 नई दिल्ली-लखनऊ शताब्दी, चेयर कार- 318 सीटें उपलब्ध 03 अक्टूबर से
- ❑ 22416 नई दिल्ली-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस, चेयर कार 654 सीटें 3 अक्टूबर से उपलब्ध
- ❑ 12015 नई दिल्ली-अजमेर शताब्दी एक्सप्रेस, चेयर कार 337 सीटें उपलब्ध 04 अक्टूबर से
- ❑ 20172 निजामुद्दीन-रानी कमलापति वंदे भारत, चेयर कार 191 सीटें 01 अक्टूबर से उपलब्ध
- ❑ 26405 अमृतसर-श्री माता वैष्णो देवी, वंदे भारत चेयर कार में 168 सीटें उपलब्ध 01 अक्टूबर से

नई दिल्ली। जैसे-जैसे त्योहारों का मौसम नजदीक आ रहा है और यात्रा के लिए त्यौहार भीड़ शुरू हो रही है, उत्तर रेलवे अपनी यात्रा की योजना बना रहे यात्रियों के लिए एक आश्वस्त करने वाला संदेश लेकर आया है आपके यात्रा विकल्प सुरक्षित हैं, और नियमित सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला पर टिकट उपलब्ध हैं। हालाँकि भारतीय रेलवे त्योहारों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अक्सर कई ट्रेनें चलाता है, उत्तर रेलवे की नियमित रेलगाड़िया, जिनमें वंदे भारत एक्सप्रेस, शताब्दी एक्सप्रेस और विभिन्न मेल/एक्सप्रेस जैसी प्रतिष्ठित रेलगाड़िया शामिल हैं, अपने सामान्य समय पर चल रही हैं और अभी भी बुकिंग के लिए सीटें उपलब्ध हैं। अक्सर, त्योहारों के दौरान यात्री केवल रेलगाड़ियो पर ही ध्यान केंद्रित करते हैं, उत्तर रेलवे यात्रियों से नियमित ट्रेनों में उपलब्धता का लाभ उठाने का आग्रह करता है, जो एक समान समय-सारिणी और उच्च-गुणवत्ता वाली सेवा प्रदान करती हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस प्रीमियम, तेज गति का अनुभव चाहने वालों के लिए, उत्तर रेलवे के मार्गों पर चलने वाली वंदे भारत सेवाओं में सीटें उपलब्ध हैं। प्रमुख शहरों के बीच तेज, अधिक आधुनिक यात्रा के लिए यह एक उत्कृष्ट विकल्प है। शताब्दी एक्सप्रेस इंटरसिटी यात्रा का एक प्रमुख साधन, शताब्दी एक्सप्रेस अपनी तेज, वातानुकूलित सेवा प्रदान करती रहती है। ये ट्रेनें दिन में यात्रा के लिए आदर्श हैं और पूरे क्षेत्र के प्रमुख शहरों को जोड़ती हैं। मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें भारतीय रेल नेटवर्क की रीढ़ है, मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें हर बजट के अनुरूप व्यापक कवरेज और विभिन्न श्रेणी विकल्प प्रदान करती हैं। इन ट्रेनों में त्योहारों के लिए विभिन्न श्रेणियों में सीटें उपलब्ध हैं। यात्री आसानी से सीट की उपलब्धता की जांच कर सकते हैं और सभी नियमित ट्रेनों में आधिकारिक भारतीय रेलवे टिकटिंग प्लेटफॉर्म जैसे सुब्ब् वेबसाइट और मोबाइल ऐप, या अधिकृत ट्रैवल एजेंटों के माध्यम से अपनी टिकट बुक कर सकते हैं।

## सीआर पार्क दुर्गा पूजा में पहुँचे प्रधानमंत्री

### माँ की आराधना कर देश में सुख-शांति-समृद्धि की कामना की

(एजेंसी)



नयी दिल्ली। दिल्ली के सीआर पार्क (कृष्णा राव पार्क) में प्रत्येक वर्ष मनाई जाने वाली दुर्गा पूजा न केवल एक बड़ा धार्मिक उत्सव है, बल्कि दक्षिण और मध्य दिल्ली के नागरिकों के लिए एक सांस्कृतिक मेल-जोल और सामाजिक समागम का अवसर भी है। पूरा क्षेत्र रंग-बिरंगे पंडालों, भव्य सजावट और भक्तिमय गतिविधियों से सराबोर हो गया। हम आपको बता दें कि सीआर पार्क की दुर्गा पूजा की परंपरा कई दशकों पुरानी है। यह क्षेत्र बंगाली समुदाय का प्रमुख केंद्र माना जाता है, जिसने अपनी सांस्कृतिक पहचान और धार्मिक आयोजन को दिल्ली में सुदृढ़ किया। यहां की पूजा में केवल पारंपरिक विधियों का पालन नहीं होता, बल्कि सामाजिक समागम और कला-संस्कृति का भी बड़ा योगदान होता है। पंडालों की सजावट, कलात्मक प्रतिमाएं और सांस्कृतिक कार्यक्रमकृसभी मिलकर इस पर्व को देशभर में प्रसिद्ध बनाते हैं। सीआर पार्क की यह दुर्गा पूजा न केवल धार्मिक श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और छोटे व्यापारियों के लिए भी महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है।

## चंडीगढ़ में 36 साल पुरानी कॉलोनी तोड़ी

### 2 घंटे में 450 घरों पर चला बुलडोजर

(एजेंसी)




चंडीगढ़। चंडीगढ़ के सेक्टर-38 वेस्ट स्थित 36 साल पुरानी शाहपुर रिहायशी कॉलोनी पर प्रशासन ने एक्शन लिया। मंगलवार सुबह भारी मात्रा में पुलिसबल के साथ प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और कॉलोनी में बने घरों को बुलडोजर से तोड़ डाला। सुबह साढ़े 8 बजे तक ज्यादातर घर रेत, ईंट और पत्थर के ढेर में तब्दील हो गए थे। कॉलोनी में करीब साढ़े चार सौ घरों पर कार्रवाई हुई। हालांकि, जिन 4 लोगों को कोर्ट से स्टे मिला हुआ है, उनके घरों को नहीं तोड़ा गया। उन पर पहले से ही क्रॉस का निशान लगा दिया गया है, ताकि बुलडोजर चलाने वालों को पता चल सके कि ये घर नहीं तोड़ने हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई पर लोगों में भी रोष है। इन लोगों में ज्यादातर प्रवासी हैं। उनका कहना है कि त्योहारों के मौसम में कार्रवाई गलत है। प्रशासन ने उनके साथ धोखा किया है। अब अपने परिवार को लेकर कहां जाएंगे? सर्वे हुआ, लेकिन कुछ नहीं मिला कॉलोनी के निवासी प्रमोद का कहना है कि कहा उनका घर इसी कॉलोनी में था। वह सालों से यहां रहे हैं। 2006 में सर्वे हुआ था।

## बरेली हिंसा के बाद एक्शन

# मौलाना तौकीर के सहयोगी की अवैध संपत्ति पर चला बुलडोजर

(संवाददाता)




बरेली। मौलवी तौकीर रजा खान द्वारा आहूत आई लव मुहम्मद अभियान को लेकर बरेली में हुई हिंसक झड़पों के बाद, अधिकारियों ने मंगलवार को उनके कथित सहयोगी मोहसिन रजा की संपत्ति को ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि बरेली के अधिकारियों ने कार्रवाई के लिए तौकीर रजा के सहयोगियों से जुड़ी आठ कथित अवैध संपत्तियों की पहचान की है। उन्होंने बताया कि बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) और जिला प्रशासन की टीमों ने फाइक एन्क्लेव, जगतपुर और पुराने शहर के इलाकों में एक संयुक्त अभियान चलाया। कथित तौर पर ये इमारतें बिना स्वीकृत नक्शों के बनाई गई थीं, जिनमें से कुछ सरकारी और सीलिंग की जमीन पर अतिक्रमण कर बनाई गई थीं। पुलिस ने दावा किया कि फइक एन्क्लेव पिछले कुछ वर्षों में अपराधियों के लिए एक पनाहगाह के रूप में उभरा है। बीडीए के उपाध्यक्ष डॉ. मणिकंदन ए ने कहा, सरकारी और सीलिंग की जमीन पर अवैध निर्माण को बख्शा नहीं जाएगा। नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, बरेली नगर निगम ने पहलवान साहब की दरगाह के ऊपर बनी दुकानों सहित कई दुकानों को अवैध निर्माण के कारण ध्वस्त करने के लिए चिह्नित किया है। जिला प्रशासन ने तौकीर के सहयोगियों और वित्तपोषकों के करीबी नेटवर्क पर निगरानी बढ़ा दी है, जिन पर सामुदायिक कार्यक्रमों की आड़ में गैरकानूनी गतिविधियों को वित्तपोषित करने और रणनीति बनाने का संदेह है। यह कार्रवाई 26 सितंबर को बरेली में हुई हिंसक झड़पों के बाद की गई है।

## प्रधानमंत्री ने लद्दाख के लोगों से धोखा किया, गोलीबारी की न्यायिक जांच की जाए : राहुल गांधी

(एजेंसी)



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा, पीएम मोदी ने लद्दाख के लोगों के साथ धोखा किया है। लेह में पुलिस गोलीबारी में 4 प्रदर्शनकारियों की मौत की निष्पक्ष न्यायिक जांच की जाए। इनमें कारगिल युद्ध में शामिल त्सावांग थारचिन भी शामिल थे। उन्होंने एक्स पर थारचिन के पिता का वीडियो पोस्ट किया। राहुल ने हिंदी में अपने पोस्ट में कहा पिता की दर्द भरी आंखें एक सवाल पूछती हैं, क्या आज देश सेवा का यही इनाम है। हिंसा और भय की राजनीति बंद करें। वहीं, गृह मंत्रालय ने मंगलवार को लद्दाख के लेह जिले में 3 अक्टूबर तक मोबाइल इंटरनेट और सार्वजनिक वाई-फाई सेवाओं को पूरी तरह से बंद करने का आदेश दिया। यहां सुबह 10 से शाम 7 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई है। लद्दाख को राज्य का दर्जा और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक समेत अन्य गिरफ्तार युवाओं की रिहाई की मांग तेज हो गई है। करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस ने कहा है कि लद्दाख में हालात सामान्य होने तक केंद्र की उच्च अधिकार प्राप्त कमेटी से बात नहीं करेंगे। लेह एपेक्स बॉडी पहले ही बातचीत नहीं करने का ऐलान कर चुकी है। 24 सितंबर को एलएबी द्वारा बुलाए गए बंद के दौरान लेह में हिंसक प्रदर्शन हुए थे। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई थी। 50 लोगों को दंगा फैलाने के आरोप में हिरासत में लिया गया। आंदोलन का चेहरा बने वांगचुक को एनएसए में गिरफ्तार कर जोधपुर जेल भेजा गया है। केंद्र ने 20 सितंबर को एलएबी और केडीए को वार्ता के लिए बुलाया था।

# प्रदेश में विकास कार्यों में तेजी लाएं सभी विभाग : सीएम धामी

### 31 अक्टूबर तक सभी सड़कें हों गड्ढा मुक्त, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

(ब्यूरो)




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अब जबकि मानसून समाप्त हो चुका है, प्रदेश में निर्माण और नव-निर्माण कार्यों की रफ्तार तेज की जाए। उन्होंने कहा कि बरसात के कारण ठप पड़े विकास कार्यों को अब धरातल पर तेजी से आगे बढ़ाना अनिवार्य है। लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश दिए कि सभी सड़कें निर्धारित समय सीमा के भीतर गड्ढा मुक्त बनाई जाएं। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण और मरम्मत कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए। सीएम धामी ने कहा कि सड़कें राज्य की जीवनरेखा हैं। पहाड़ी राज्य में सड़क संपर्क ही विकास और जनता की सुविधा का प्रमुख साधन है। इसलिए सड़क निर्माण की गुणवत्ता और समयबद्धता पर किसी भी तरह का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों से लगातार सड़क संबंधी शिकायतें मिल रही हैं, वहाँ विशेष निगरानी रखी जाए। गुणवत्ता मानकों से समझौता करने वाले ठेकेदारों और अधिकारियों पर भी जिम्मेदारी तय की जाएगी।

उन्होंने गड्ढा मुक्त सड़क अभियान की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा करने और यह सुनिश्चित करने को कहा कि 31 अक्टूबर तक सभी पैचवर्क (गड्ढा भराई कार्य) पूरी तरह समाप्त कर दिए जाएं। सीएम धामी ने कहा कि सड़कों के साथ-साथ प्रदेश के अन्य विकास कार्यों ,चाहे वह सिंचाई, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य अथवा ग्रामीण विकास से जुड़े हों,उनकी गति भी अब तेज होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता को यह महसूस होना चाहिए कि सरकार के विकासात्मक प्रयास सीधे धरातल पर दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि जिन योजनाओं का बजट आवंटित हो चुका है, उनमें किसी प्रकार की देरी न हो। योजनाओं की मॉनिटरिंग समय-समय पर की जाए और जनता को समयबद्ध परिणाम मिलें। बैठक में प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, सचिव डॉ. पंकज पांडेय, सचिव विनय शंकर पांडेय, अपर पुलिस महानिदेशक ए.पी. अंशुमान, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते एवं अपर सचिव बंशीधर तिवारी मौजूद रहे।

## बिहटा-अनुग्रह नारायण रोड नई रेल लाईन का काम होगा चालू, 3606 करोड़ रुपये स्वीकृत

(संवाददाता) गोरखपुर। पटना, अरवल, जहानाबाद एवं औरंगाबाद जिले के लाखों लोगों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से रेल मंत्रालय ने बिहटा-अनुग्रह नारायण रोड नई लाइन का निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से चालू करने का फैसला लिया है। इसके लिए राशि की स्वीकृति दे दी गई है और पूर्व मध्य रेल को निर्देश दिया गया है कि परियोजना के लिए समेकित तरीके से कार्य को प्रारंभ किया जाए।

सूत्रों के अनुसार इस परियोजना से मगध एवं शाहाबाद क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। परियोजना से संबंधित विस्तृत विवरण तैयार कर दिया गया है जिसके अनुसार इस परियोजना के निर्माण पर कुल लागत रुपये 3606.42 करोड़ की लागत आएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने परियोजना पर काम चालू करने के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान कर दी है। 117 किमी लंबी इस रेल लाइन से बिहटा-अनुग्रह नारायण रोड के बीच सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। यहां ध्यान देने बात यह है कि अनुग्रह नारायण रोड से औरंगाबाद के बीच लगभग 13 किमी लंबी रेल लाइन को पहले ही स्वीकृति मिल चुकी है और इस पर कार्य प्रगति पर है। कुल मिलाकर, पटना से अरवल, औरंगाबाद की सीधा रेल संपर्क स्थापित हो जाएगा और इस क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होगी। बिहटा में आरओआर को इस परियोजना के तहत स्वीकृति मिली है यातायात सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस परियोजना के पूर्ण होने से एक ओर जहां इस क्षेत्र में सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा वहीं दूसरी ओर डीडीयू-पटना-झाझा मेन लाइन और डीडीयू-गया-कोडरमा ग्रैंड कॉर्ड लाइन के मध्य एक और नया वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध हो जाएगा।

CMYK

# मिशन शक्ति के पांचवें चरण में किया कन्या पूजन

संवाददाता

सुल्तानपुर। शासन द्वारा के प्रद्त्त निर्देशों के क्रम में प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलबंन हेतु शारदीय नवरात्र के पर्व पर ''मिशन शक्ति'' के पांचवे चरण के अतंर्गत विशेष अभियान में प्रेरणा सभागार में कन्या पूजन के भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी सुलतानपुर से जिलाध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ आर0ए0वर्मा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद प्रवीण कुमार अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न किया गया। समस्त अतिथिगणों को अपर जिलाधिकारी वि0रा0 राकेश सिंह, उपायुक्त राष्ट्रीय आजीविका मिशन कृष्णदेव गोस्वमी एवं वी0पी0 वर्मा जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। कन्या पूजन कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालय करौंदिया, प्राथमिक विद्यालय लाल डिग्गी, प्राथमिक विद्यालय मकदूमराम एवं कम्पोजिट विद्यालय




खैराबाद, सुलतानपुर की उपस्थित 21 कन्याओं (छात्राओं) का पूरे विधि विधान से पैर धुलकर व पोछकर तथा पैरो में महावर लगाकर आसन ग्रहण कराया गया। तद्पश्चात मा0 जिलाध्यक्ष भाजपा, मा0 अध्यक्ष नगर पालिका परिषद एवं पूर्व मा0 जिलाध्यक्ष भाजपा द्वारा कन्याओं को टीका लगाकर, कलावा बाधकर, चुनरी ओढाकर तथा माला पहना कर तथा उपहार में प्रति बालिकाओं को एक स्टील थाली, फ्ल व मिठाई की टोकरी, क्रेयान कलर व ड्रांइग कापी आदि उपहार स्वरूप समाग्री भेट कर कन्या पूजन किया गया। जिलाध्यक्ष भाजपा द्वारा कहा गया कि कन्या पूजन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शारदीय नवरात्रि के माध्यम से कन्याओं का सशक्तिकरण करते हुए समाज में महिला एवं बालिकाओं के प्रति लोगों में सकारात्मक सोच की भवना को आगे बढ़ाना हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा द्वारा कहा गया कि शारदीय नवरात्र में कन्या पूजन करने का विशेष महत्व है धार्मिक मान्यता के अनुसार विधि पूर्वक कन्या पूजन करने से मॉ दुर्गा के नव रूपों की कृपा प्राप्त होती है। अष्टमी के पर्व पर कन्या पूजन करके हम लोगों कन्याओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना हैं। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद द्वारा मिशन शक्ति पाचवें चरण के अतंर्गत महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है ताकि उन्हें रोजगार परक शिक्षा मिल सकें सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं हेतु विभिन्न योजनायें संचालित है। जिसका लाभ सभी पात्र लोग उठायें जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा कहा गया कि कन्या पूजन बालिकाओं के प्रति समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने हेतु एक अच्छा संदेश हैं। शिक्षा के साथ-साथ बेटिओं को अन्य क्षेत्र में आगे बढ़ाने एवं इसमें उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना लक्ष्य है। क्योंकि जहॉ बेटियॉ पढ़ेगी वहॉ विकास बढेगा। कन्या पूजन कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता, रेखा गुप्ता जिला मिशन समन्वयक, उदयराज यादव वरिष्ठ सहायक, संतोष पाल एवं सरोज यादव जेण्डर स्पेशलिस्ट, धर्मेन्द्र गुप्ता जिला समन्वयक, दिलीप कुमार वी0ई0ओ0 नगर, अनीता पाण्डेय, अनीता यादव, प्रतिभा सिंह, नीलम वर्मा समन्वयक, खुशबू दूबे, संदीप सिंह, अर्चना पाल, आकाश, विपिन कश्यप आदि अध्यापिकाओं/अध्यापकों के साथ विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहें।

## मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत थाना सिरसिया पुलिस की कार्रवाई, दो शोहदे व स्टंटबाज गिरफ्तार




संवाददाता

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम के कुशल पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में, थानाध्यक्ष सिरसिया शैलकांत उपाध्याय के नेतृत्व में थाना सिरसिया पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 के तहत प्रभावी कार्रवाई की गई। एंटी रोमियो टीम एवं मिशन शक्ति टीम ने सड़क के मुख्य मार्ग पर स्टंटबाजी करने तथा आने-जाने वाले राहगीरों से बेवजह विवाद करने वाले दो युवकों को मौके पर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शाहिद अली पुत्र नौशाद अली एवं जलालुद्दीन पुत्र मासूम अली, निवासी पिपरहवा रंजीतपुर थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती के रूप में हुई है। गिरफ्तारी सूरज कुंडा नाला थाना सिरसिया क्षेत्र से की गई। दोनों के विरुद्ध धारा 170/126/135 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय रवाना किया गया। पुलिस का कहना है कि मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सड़क सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## स्वदेशी मेले में लगे स्टालों का एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने किया अवलोकन

बेनकाब भ्रष्टाचार संवाददाता, बहराइच । इण्डिया. एक्सपो सेन्टर-मार्ट ग्रेटर नोयडा में आयोजित यू.पी.आई.टी.एस. की भॉति यू.पी. इन्टरनेशनल ट्रेड शो-2025 के अन्तर्गत गेंद घर मैदान में 18 अक्टूबर 2025 तक आयोजित हो रहे स्वदेशी मेले में लगे स्टालों का एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र त्रिपाठी व अन्य के साथ भ्रमण कर खरीदारी भी की। इस अवसर पर एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने आमजन का आहवान किया कि अधिक से अधिक संख्या में आकर दिवाली महापर्व के अवसर पर जिले के हस्तशिल्पियों, कारीगरों, उद्यमियों द्वारा स्थानीय स्तर पर उत्पादित किये जा रहे उत्पादों (स्वदेशी वस्तुओं) की खरीदारी कर ''स्वदेशी अपनाएं, देश को आत्मनिर्भर बनाएं'' के संकल्प को पूरा करने में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें। एमएलसी डॉ. त्रिवाठी ने कहा कि मेले में प्रदर्शित उत्पादों की बिक्री से जिले के स्वरोजगारियों विशेषकर युवा हस्तशिल्पियों का उत्साहवर्धन होगा। जिससे जनपद के दूसरे युवा भी स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित होंगे। उन्होंने कहा कि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की यही सोच है कि स्वदेशी मेले के आयोजन को स्थानीय हस्तशिल्पी, स्वरोजगारी, कारीगर व उद्यमी एक अवसर के रूप में स्वीकार करें ताकि उनके उत्पादों को नई पहचान मिल सके। स्वदेशी मेले में जिला पयर्टन एवं सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में शाहिद रजा एण्ड पार्टी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा काव्य संध्या का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक एवं कवि संतोष सिंह ने किया। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा, जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी, गणमान्य व संभ्रान्तजन, उद्यमी एवं व्यापारी तथा आमजन मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर जनपद में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

बेनकाब भ्रष्टाचार, बहराइच। जनपद के विकासखंड हुजूरपुर एवं रिसिया में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें समाज में सशक्त बनाना था। पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से किशोरियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें सरकार के द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मिशन शक्ति प्रभारी एस.आई. राजमन यादव ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर बालिका लैंगिक समानता के प्रति जागरूक हो और समाज में समान अवसरों का लाभ उठाए। हमें यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बालिका भेदभाव या सामाजिक दबाव का शिकार न हो। इसके लिए उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएँ और सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना बहुत जरूरी है। साथ ही, आज हम बालिकाओं को विज्ञान, तकनीक, खेल और नेतृत्व जैसे हर क्षेत्र में अवसर प्राप्त करने के महत्व के बारे में जानकारी दे रहे हैं, ताकि वे अपने सपनों को हर क्षेत्र में साकार कर सकें। पन्ना लाल गोंड, थाना मटेरा, रिसिया ने कहा कि यह देखकर खुशी होती है कि हमारी युवा पीढ़ी अपने कानूनी और सामाजिक अधिकारों के प्रति सजग हो रही है। हम चाहते हैं कि हर बालिका और उनके परिवार उनके कानूनी अधिकारों को जानें और उनका सही इस्तेमाल करें। यह जानकारी उन्हें समाज में सुरक्षित और सशक्त बनाती है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, स्वास्थ्य अधिकारी, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकत्री, स्कूल प्रधानाचार्य और स्वयंसेवक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया गया और किशोरियों को उनके अधिकारों के प्रति सतर्क रहने तथा समाज में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को सुरक्षा और जागरूकता का संदेश

### प्रधानाचार्या ने महिला आरक्षियों को अंगवस्त्र भेंटकर किया सम्मानित

संवाददाता

सुलतानपुर। जिले के बंधुआ कला थाना क्षेत्र के खोखीपुर स्थित श्री भारत विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम श्रीवास्तव द्वारा बंधुआ कला थाना में तैनात महिला मुख्य आरक्षी माया यादव, महिला मुख्य आरक्षी माधुरी देवी और महिला आरक्षी वर्षा कनौजिया को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित करने से हुई। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं में आत्म-




विश्वास बढ़ाने और सुरक्षा के प्रति सजगता पैदा करने में मदद करते हैं। महिला पुलिस ने छात्राओं को आत्मरक्षा के उपाय, सतर्क रहने की तकनीकें और संकट की स्थिति में हेल्पलाइन नंबर (1090,112, 181,1098) का प्रयोग करने की ट्रेनिंग दी। छात्राओं ने संकल्प लिया कि वह न केवल स्वयं सुरक्षित रहेंगी बल्कि दूसरों को भी जागरूक करेंगी। जानकारी होते हुए थाना प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ताकि समाज में महिला सुरक्षा और समानता का संदेश फैल सके। इस मौके पर मिशन शक्ति टीम प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र विक्रम सिंह, उप निरीक्षक विपिन पाठक, आरक्षी धर्मेंद्र गुप्ता समेत अन्य लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता एवं संवादात्मक कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता

अंबेडकर नगर। शासन की मंशा के अनुरूप मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी श्री अनुपम शुक्ला के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आज दिनांक 30 सितम्बर 2025 को जनपद के विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता एवं संवादात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों का आयोजन रामलाल रामफेर इंटर कॉलेज सेवागंज, नूरे हक गर्ल्स इंटर कॉलेज टांडा, श्याम बिहारी सिंह इंटर कॉलेज सिगवन पुरुषोत्तम पट्टी, राजकीय हाई स्कूल बड़ेपुर चाचिकपुर, बाबू दयाराम आदर्श इंटर कॉलेज सुरजू जमीनपुर, राजकीय हाई स्कूल बसिया तथा श्री शंकर जी इंटर कॉलेज मठिया सहित अन्य विद्यालयों में किया गया। कार्यक्रमों में छात्राओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से संबंधित विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ




ही यातायात नियमों के पालन, महिला सुरक्षा एवं महिला हिंसा के विरुद्ध कानूनी प्रावधानों पर छात्राओं को जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्राओं को आवश्यकतानुसार त्वरित सहायता हेतु उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों से भी अवगत कराया। इनमें प्रमुख रूप से वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवाएं 102 एवं 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 सम्मिलित रहे। इस दौरान सरकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी का प्रसार करने के उद्देश्य से पत्रक भी वितरित किए गए। विशेष रूप से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की जानकारी छात्राओं को प्रदान की गई ताकि अधिकाधिक पात्र छात्राएं इसका लाभ उठा सकें। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर रामलाल रामफेर इंटर कॉलेज सेवागंज सहित विभिन्न विद्यालयों में विधिवत कन्या पूजन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। छात्राओं का पूजन कर उन्हें सम्मानित किया गया तथा मिशन शक्ति अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर, सजग एवं सशक्त बनाना है, ताकि वे समाज में अपने अधिकारों एवं दायित्वों के प्रति पूर्णत: जागरूक होकर अपनी भूमिका निभा सकें।

## राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा केन्द्रों का पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

बेनकाब भ्रष्टाचार, बहराइच। उ.प्र. लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा 12 अक्टूबर 2025 को जनपद के 11 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्यध्प्रवर अधीनस्थ सेवा तथा सहायक वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा-2025 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा व जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदा नन्द के साथ परीक्षा केन्द्रों स्वर्गीय ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय तथा पं. वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज का निरीक्षण कर परीक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी की स्थिति, फ्रिस्किंग प्वाइंट, बैठने की व्यवस्था, कंट्रोल रूम की सक्रियता, प्रवेश एवं निकास मार्ग के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए केडीसी के केन्द्र व्यस्थापक प्राचार्य प्रो. विनय सक्सेना व गांधी इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य जसवन्त सिंह को निर्देशित किया गया कि परीक्षा की शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया लाय। परीक्षा हेतु निर्धारित समयसारिणी का कड़ाई के साथ अनुपालन भी सुनिश्चित कराया जाय। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हों, परीक्षा के दौरान उन्हें शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जाए। उल्लेखनीय है कि परीक्षा के लिए 11 परीक्षा केन्द्रों में से 10 परीक्षा केन्द्रों राजकीय इण्टर कालेज, महाराज सिंह इण्टर कालेज, आजाद इण्टर कालेज, पं. वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज, किसान डिग्री कालेज ब्लाक-ए, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, राजकीय पॉलीटेक्निक आसाम चौराहा, किसान डिग्री कालेज ब्लाक-बी, राजकीय पॉलीटेक्निक, मोहम्मदपुर, नानपारा रोड बहराइच, महाराजा सुहेल देव स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बहराइच पर 384-384 तथा महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय 480 कुल 4320 परीक्षार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। जनपद में 12 अक्टूबर 2025 को (दो पालियोंध्सत्रों पूर्वान्ह 09.30 बजे से 11.30 बजे तक व अपरान्ह 02.30 बजे से 04.30 बजे) तक परीक्षा सम्पन्न होगी।

# मिशन शक्ति के तहत जिलाधिकारी ने किया अष्टमी पर कन्या पूजन

### बालिकाओं की शिक्षा व सम्मान को बताया सर्वोपरि

संवाददाता

अंबेडकर नगर। शारदीय नवरात्रि के अष्टमी तिथि के अवसर पर मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी श्री अनुपम शुक्ला द्वारा इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय पशियापारा, अकबरपुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में विधि-विधान के साथ कन्या पूजन सम्पन्न किया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित बालिकाओं का तिलक लगाकर, पुष्पमाला एवं चुनरी पहनाई तथा उन्हें भोजन कराकर सम्मानपूर्वक पूजन किया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि पर्व भारतीय संस्कृति एवं आस्था का जीवंत प्रतीक है। अष्टमी एवं नवमी के अवसर पर कन्या पूजन मातृशक्ति के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान का प्रतिरूप है। जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य भी बालिकाओं एवं महिलाओं की



शिक्षा, सुरक्षा, स्वावलंबन एवं सम्मान सुनिश्चित करना है, अत: कन्या पूजन इसी सोच को और सशक्त करता है। इस अवसर पर बालिकाओं को उपहार भी वितरित किए गए। कन्या पूजन कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी ने विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों के शैक्षिक स्तर का अवलोकन करते हुए अध्यापकों से पाठ्य योजना एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की तथा बच्चों द्वारा किए गए होमवर्क को देखा। इसके उपरांत जिलाधिकारी विद्यालय के रसोईघर में पहुंचे और मिड-डे मील के अंतर्गत तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने रसोई में उपयोग किए जा रहे खाद्य पदार्थों जैसे तेल, दाल, चावल, नमक एवं मसालों की गुणवत्ता का परीक्षण किया और प्रधानाध्यापक एवं रसोईया को निर्देश दिए कि भोजन सदैव निर्धारित मेन्यू के अनुरूप, पौष्टिक एवं स्वादिष्ट होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र भवन की दीवारों पर आ रही सीलन एवं वॉल पेंटिंग को देखते हुए अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद अकबरपुर को आवश्यक मरम्मत व सुधार कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित विद्यालय परिवार एवं स्थानीयजन उपस्थित रहे।

## ओमवीर हॉस्पिटल प्रकरण में नया मोड़, परिजन ने फिर जिलाधिकारी से लगाई गुहार

संवाददाता

बस्ती। ओमवीर हॉस्पिटल, कैली रोड, बस्ती का संवेदनशील मामला एक बार फ्रि सुर्खियों में है। ग्राम मरहा, पोस्ट कटया निवासी वीरेन्द्र प्रताप ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए हस्तक्षेप की अपील की है। उनका कहना है कि जांच टीम की रिपोर्ट की प्रति उन्हें प्राप्त हो गई है, लेकिन उसमें दर्ज पाँच बिंदुओं से जुड़े संलग्नक अब तक उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। बिना इन संलग्नकों के रिपोर्ट अधूरी प्रतीत होती है और असली तथ्य स्पष्ट नहीं हो पा रहे हैं। साथ ही पीड़ित ने यह भी उल्लेख किया कि उनके पिता स्वर्गीय पल्टूराम की मृत्यु के मामले में उन्होंने 14 अगस्त 2025 को जिलाधिकारी को आवेदन देकर विलम्बित मृत्यु पंजीकरण की अनुमति मांगी थी, ताकि मृत्यु प्रमाण पत्र जारी हो सके। किंतु डेढ़ महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं



की गई है। अर्जी में दो प्रमुख मांगें रखी गई हैंकृपहली, जांच रिपोर्ट में उल्लिखित पाँचों बिंदुओं से संबंधित संलग्नक अभिलेखों सहित उपलब्ध कराए जाएं, और दूसरी, मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र शीघ्र जारी किया जाए। आवेदन के साथ जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पूर्व में भेजे गए पत्र भी संलग्न किए गए हैं। स्थानीय स्तर पर यह प्रकरण चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जांच रिपोर्ट से जुड़े सभी दस्तावेज सार्वजनिक होंगे तभी मामले की सच्चाई सामने आएगी।

## राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष का आगमन 15 अक्टूबर को निरीक्षण भवन में करेंगी महिला जनसुनवाई

बेनकाब भ्रष्टाचार, बहराइच। मा. उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर प्राप्त), उ.प्र. राज्य महिला आयोग श्रीमती अपर्णा यादव का 15 अक्टूबर 2025 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. उपाध्यक्ष 15 अक्टूबर 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे बहराइच पहुंचकर महिला चिकित्सालय, पूर्वान्ह 10:30 बजे महिला बन्दीगृह, पूर्वान्ह 11:00 बजे वृद्धाश्रम एवं वन स्टाप सेन्टर का भी निरीक्षण करेंगी। उपाध्यक्ष श्रीमती यादव पूर्वान्ह 11:30 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन, बहराइच में महिला कल्याण विभाग व अन्य जनपदीय अधिकारियों के साथ महिला उत्पीड़न की समस्याओं के सम्बन्ध में आयोजित बैठक में भाग लेंगी तथा महिला जनसुनवाई करेंगी तथा मिशन शक्ति अन्तर्गत पोषण पंचायत कार्यक्रम के उपलक्ष्य में आयोजित गोद भराई, अन्नप्रासन व कन्या जन्मोत्सव किट कार्यक्रम में प्रतिभाग कर अपरान्ह 02:30 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगी। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने दी है।

# एनटीपीसी टांडा में हिंदी पखवाड़ा-2025 समापन एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

संवाददाता

अंबेडकर नगर। हिंदी पखवाड़ा-2025 समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 29 सितम्बर 2025 को उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ शाम 7रू30 बजे दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसे कार्यकारी निदेशक श्री जयदेव परिदा, गरिमा महिला मंडल अध्यक्षा श्रीमती संघमित्रा परिदा तथा सभी महाप्रबंधकों ने संयुक्त रूप से संपन्न किया। महाप्रबंधक (सतर्कता) एस.सी. सिंह ने सतर्कता के महत्व पर प्रकाश डाला और राजभाषा प्रभारी श्री वरुण सोनी ने पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं की जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक (सूचना




प्रौद्योगिकी) धीरज सक्सेना ने ओजस्वी कविता पाठ से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम का सफ्ल संचालन वरिष्ठ प्रबंधक (रसायन) नीरज रस्तोगी ने किया। एनटीपीसी परिवार के सदस्यों, कर्मचारियों, परिजनों और स्थानीय नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने इस समारोह को अविस्मरणीय बना दिया।

# जिलाधिकारी ने आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की

संवाददाता

बस्ती। आईजीआरएस के अन्तर्गत विभिन्न विभागों से संबंधित मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, आनलाइन व पीजी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के समीक्षा हेतु कलेक्टेªट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों को समय से निस्तारित करें तथा कोई भी प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में ना रहने पायें अन्यथा की स्थिति में संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए प्रभावी कार्यवाही की जायेंगी। उन्होने यह भी कहा कि संदर्भो के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाय। सभी अधिकारीगण नियमित रूप से पोर्टल पर संदर्भो को प्राप्त होते ही निस्तारण




की कार्यवाही सुनिश्चित करायें। उन्होने समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देश दिया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायती संदर्भो का निस्तारण करते हुए संदर्भो के डिफाल्टर होने की तिथि से तीन दिन पहले ही पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें, जिससे शासन स्तर से फीडबैक लेने पर शिकायतकर्ता अपनी संतुष्टि का फीडबैक दे सकें, जिससे जनपद की रैंकिंग बेहतर हो सकें। बैठक में सीडीओ सार्थक अग्रवाल, एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, सीएमओ डा. राजीव निगम, डीडीओ अजय कुमार सिंह, डीसी मनरेगा संजय शर्मा, उप जिलाधिकारी शत्रुध्न पाठक, मनोज प्रकाश, हिमांशु कुमार, सत्येन्द्र सिंह, डीपीआरओ धनश्याम सागर, बीएसए अनूप तिवारी, ईडीएम सौरभ द्विवेदी सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## सूचना

मैं अपने बेटे आमिर खां के गलत चाल-चलन के कारण अपने समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए कृत्यों से मेरा कोई सरोकार नहीं है। शहजाद खां पुत्र नजीर खां निवासी छेदीपुरवा, देवरनिया, जमुनहा जनपद श्रावस्ती।

## संपादकीय

### यूएन में ट्रंप की मसखरी

संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप का जैसा अगंभीर व असामान्य व्यवहार नजर आया, उससे कहीं से नहीं लगा कि वे विश्व की एक महाशक्ति का नेतृत्व कर रहे हैं। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि दुनिया में युद्धों को समाप्त करने के लिये सिर्फ बयानबाजी नहीं, ठोस रणनीति व गंभीर प्रयासों की जरूरत होती है। संयुक्त राष्ट्र में डोनॉल्ड खुद को लगातार जबरदस्ती एक शांति के मसीहा के तौर पर पेश करते रहे हैं। उन्होंने दावा दोहराया कि उनके नेतृत्व में दुनिया में सात युद्धों को समाप्त किया गया। दावा कि उन्होंने संघर्ष को नियंत्रित करने में निर्णायक भूमिका का निर्वहन किया। जबकि इसके विपरीत उनके भाषण का सार कुछ और ही दर्शाता है। साफ नजर आया कि एक ऐसा नेता जो स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक सहयोग के स्तंभों को ही कमजोर कर रहा है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि पूंजीपति सरोकारों के अनुरूप उन्होंने 'जलवायु परिवर्तन को अब तक का सबसे बड़ा धोखा' बताकर खारिज कर दिया। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों से पूरी दुनिया में जन-धन की व्यापक क्षति हो रही है। इसके चलते सूखे, बाढ़ व विनाशकारी तूफानों से पूरी दुनिया की खाद्य सुरक्षा खतरे में नजर आ रही है। जो मानव जीवन को लगातार संघर्षमय बना रहे हैं। ट्रंप का शांति बनाये रखने के दावे करना और जलवायु परिवर्तन की वास्तविकता को नकारना, उनके विरोधाभासी व्यवहार को ही दर्शाता है। साथ ही उनकी बयानबाजी के खोखलेपन को ही उजागर करता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही कि उन्होंने विश्वव्यापी प्रवासन को 'राष्ट्रों को नष्ट करने वाली' शक्ति बताकर निंदा की, जो मानवता के खिलाफ दुर्भावना ही कही जाएगी। बेहतर भविष्य और सुखमय जीवन की तलाश में प्रवासन सदियों से मानव इतिहास का हिस्सा रहा है। जिसने विभिन्न समाजों को नया आकार दिया है और प्रगति को नई गति दी है। निस्संदेह, प्रवासियों को खतरे के रूप में पेश करना जेनोफोबिया को बढ़ावा देना है। जो वैश्विक समुदायों को विभाजित करने की कुत्सित कोशिश है। ऐसे संघर्ष को रोकने के बजाय इस तरह की गैरजिम्मेदार बयानबाजी सामाजिक आक्रोश और विभाजन को ही जन्म देगी। कालांतर ये विकसित राष्ट्रों में आए प्रवासियों के विरुद्ध नस्लीय हिंसा को बढ़ावा देगा। निस्संदेह, प्रवासियों के लिये अपने दरवाजे बंद करने से शांति सुनिश्चित नहीं होती। आज जब आधुनिक तकनीक व संचार क्रांति के चलते दुनिया के एक गांव में तब्दील होने की बात कही जाती है तो यह सोच नितांत अतार्किक व मानवीय मूल्यों की विरोधी ही है। वहीं दूसरी ओर संयुक्त राष्ट्र पर ट्रंप का हमला करना और इसे 'अप्रभावी और पाखंडी करार देना'- उनके कथित शांतिदूत होने के दावे को कमजोर करता है। माना कि संयुक्त राष्ट्र संघ की अपनी सीमाएं हैं, लेकिन आज के संघर्षरत विश्व में यह एकमात्र वैश्विक निकाय है, जो संवाद, मानवीय राहत और शांति स्थापना के लिये कारगर विकल्प प्रस्तुत करता है। खुद को शांति के संरक्षक के रूप में प्रस्तुत करते हुए, इस पर अनुचित तरीके से हमला करना, उन्हीं संस्थाओं को कमजोर करना है, जो दुनिया को युद्ध के संकट से बचाने का काम करती हैं। बहरहाल, घटनाक्रम का भारत के लिये स्पष्ट सबक है कि हमें वाशिंगटन के साथ मजबूत संबंध बनाये रखते हुए, अलगाववादी-संशयवादी राजनीति में नहीं फंसना चाहिए। इसके बजाय, भारत को बहुपक्षवाद, जलवायु नेतृत्व और समावेशी वैश्विक शासन पर दुगनी गति से जोर देना चाहिए। शांति को केवल सैन्य संयम तक सीमित नहीं किया जा सकता। इसके लिये साझी मानवीय चुनौतियों से मुकाबले के लिये सहयोग की आवश्यकता है। ट्रंप के संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिए गए भाषण ने एक अन्य विरोधाभास को भी उजागर किया, कि एक तरफ तो यह नेता युद्धों को समाप्त करने के नाम पर वाहवाही लूटने का श्रेय लेने हेतु तमाम तरह के प्रपंच करता है, लेकिन वहीं दूसरी ओर भविष्य में युद्धों को भड़काने वाली परिस्थितियों को हवा भी देता है। यदि हम दुनिया में सही मायनों में शांति स्थापना की आकांक्षा रखते हैं तो उसके लिये एकजुटता की जरूरत होती है न कि खोखले नारों की।

### रावण के पुतलों की शृंखला का अनूठा उल्लास

दशहरे की रात दिल्ली के सुभाष नगर में रावण के रंग-रूप के भव्य पुतलों की अनूठी नुमाइश होती है, जो देश के किसी और शहर में शायद ही देखी जाती हो। यहां हर साल 30-35 विविध आकारों के पुतले बनाए जाते हैं, जिन्हें दशहरे की शाम भव्य तरीके से जलाया जाता है, जिससे यह त्योहार और भी खास बन जाता है। दशहरे की रात रावण के विविध रंग-रूप के पुतलों की जैसी नुमाइश दिल्ली के सुभाष नगर में नजर आती है, वैसी देश के किसी अन्य शहर में शायद ही नजर आती है। दशहरा पर्व मनाने में कुल्लू और मैसूर की विशिष्ट पहचान है। दिल्ली का दशहरा भी खास है। ज्यादातर दिल्ली वाले रावण दहन देखने पुरानी दिल्ली स्थित लाल किले के आगे मैदान पर हो रहीं सौ-सौ साल पुरानी रामलीलाओं में उमड़ते हैं। पिछले साल प्रधानमंत्री मोदी पश्चिमी दिल्ली के द्वारका की रामलीला के दशहरे में शामिल हुए थे, जहां दिल्ली का सबसे ऊंचा रावण का पुतला बना था। लेकिन कहते हैं कि दिल्ली में रहकर अगर सुभाष नगर के दशहरे की धूम नहीं देखी, तो क्या देखा। पश्चिमी दिल्ली के सुभाष नगर में दशहरे पर अलग ही नजारा होता है। इसकी महाशय वासुदेव मार्ग से जुड़ी दो-चार सड़कों पर थोड़े- थोड़े फासले पर, कग्रीब आधा किलोमीटर के घेरे में अलग-थलग आकार-प्रकार के 30-35 रावण के पुतले खड़े होते हैं। कोई बाइक या स्कूटी पर सवार है, तो कोई सिंहासन पर विराजमान। कोई राक्षसों की सेना के साथ है, तो किसी का सिर धड़ से अलग। हर दशहरे पर भी अलग-अलग थीम के रावण बनाए जाते हैं। पुतलों को टेंटों में छुपा कर बनाया जाता है, ताकि लोग दशहरे के दिन का इंतजार करते रहें और दशहरे की ऐन सुबह 10 बजे तक सारे पुतले खड़े हो जाते हैं। पुतलों की ऊंचाई 35 से 55 फुट के बीच होती है। वहीं रहने वाले बच्चे-बड़े सभी मिल-जुलकर अपनी मेहनत और पैसों से बनाते हैं। बीते दसेक सालों से श्रीराम ड्रामेटिक क्लब के सदस्यों के साथ मिलकर पुतला बना रहे 26 साल के सत्यम साहू ने बताया कि दशहरे की रात साढ़े 7 बजे पुतले जलने शुरू होते हैं। सड़कों पर यहां-वहां खड़े रावणों का एक के बाद दूसरे के जलने का सिलसिला रात साढ़े 9 बजे तक जाकर कहीं थमता है। यूं भी, दिल्ली रामलीलाओं की राजधानी है। यहां छोटी-बड़ी करीब 3,400 रामलीलाओं में से सबसे ज्यादा उत्तरी और पश्चिमी दिल्ली में होती हैं। इन इलाकघें की कई कॉलोनी में बड़े स्तर की 6-8 रामलीलाएं होती हैं, और छोटी लीलाओं की तो कोई गिनती ही नहीं है। सुभाष नगर में ही महज 250-300 मीटर की दूरी पर दो रामलीला मैदान हैं। दोनों में सालों से रामलीला होती है और दशहरा मनाया जाता है। पहले दोनों मैदानों में रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन होता है। फिर लोग रामलीला मैदानों से निकलकर, इन पुतलों वाली सड़कों से होकर वापस जाने लगते हैं, तो बारी-बारी एक-एक पुतला जलाने का क्रम शुरू हो जाता है। दशहरे की रात रावण के ऐसे विविध रंग-रूप के पुतलों की नुमाइश दिल्ली ही नहीं, देश के किसी शहर में शायद ही लगती है। लोग आसपास की कॉलोनियों से देखने सुबह से ही आने लगते हैं। उल्लेखनीय है कि नजदीक ही तितारपुर में थोक के हिसाब से छोटे-बड़े रावण बनते हैं और पूरी दिल्ली को सप्लाई किए जाते हैं। लगता है कि उन्हें देखकर ही सुभाष नगर के बच्चे-बड़े ऐसी अनूठी परम्परा शुरू करने के लिए प्रेरित हुए होंगे। दिल्ली में रहने वालों के लिए सुभाष नगर पहुंचना आसान है। इसके नजदीक दो मेट्रो स्टेशन हैंकृपहला, सुभाष नगर और दूसरा, टैगोर गार्डन। सुभाष नगर इन दोनों स्टेशनों के बीच में बसा और फैला है। आजाद हिंद फौज के संस्थापक सुभाष चंद्र बोस के नाम पर, यह 1962 से पहले बसी कॉलोनी है। बंटवारे के वक्त अब पाकिस्तान से दिल्ली आए कुछ रिफ्यूजियों को यहां बसाया गया था। साल 2009 के आसपास इस कॉलोनी में हिंदी फिल्म 'बैंड बाजा बरात', फिर 2014 में एक और हिंदी फिल्म 'बैंग- बैंग' और 2020 में हिंदी वेब सीरीज 'ब्रीथ इनटू द शैडोज' की शूटिंग भी हो चुकी हैं।

# परीक्षा घोटाले में फिर फंसी भाजपा



भाजपा शासन में एक बार फिर परीक्षाओं में धांधली से परेशान छात्र सड़कों पर उतरे हैं। हमेशा की तरह इस बार भी सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाने की जगह बहानेबाजी कर रही है। बल्कि इस बार तो पेपर लीक की आड़ में सांप्रदायिक नफरत फैलाने का काम सरकार कर रही है। मामला उत्तराखंड का है, जहां अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) की भर्ती परीक्षा में पेपर लीक के आरोप को लेकर छात्र सड़कों पर उतर आए हैं। वोट चोर गद्दी छोड़ के नारों की तर्ज पर यहां पेपर चोर गद्दी छोड़ के नारे लग रहे हैं, जिनसे जाहिर है कि छात्र सरकार से खासे नाराज हैं। दरअसल पिछले रविवार सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक यूकेएसएसएससी की परीक्षा आयोजित हुई थी। विभिन्न सरकारी विभागों के अधीन समूह ग और घ के पदों पर भर्ती के लिए अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। लेकिन परीक्षा के एक दिन बाद ही तीन पन्नों का प्रश्न पत्र ऑनलाइन वायरल हो गया, जिसके बाद बेरोजगार संगठनों और युवाओं ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए। छात्र सड़कों पर उतर आए हैं और सरकार के विरोध में नारेबाजी करने के साथ बैनर-पोस्टर लहराए जा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का दावा है कि नया कानून भी नकल को रोकने में नाकाम साबित हुआ है। सरकार ने जांच तेज करने का भरोसा दिया है, लेकिन प्रदर्शन थमने के संकेत नहीं दिख रहे।वैसे पुलिस पेपर लीक की जिम्मेदारी छात्रों पर डाल रही है। पुलिस का आरोप है कि परीक्षा केंद्र हरिद्वार के आदर्श बाल सादन इंटर कॉलेज में कैंडिडेट खालिद मलिक ने कथित तौर पर परीक्षा हॉल से तीन फोटो अपनी बहन साबिया को भेजीं। पुलिस के अनुसार, साबिया ने इन्हें खालिद के दोस्त सुमन को फॉरवर्ड किया, जो टिहरी के एक कॉलेज में प्रोफेसर हैं। सुमन ने सवालों को हल करने की कोशिश की, लेकिन जवाब नहीं भेजे और युवा नेता बॉबी पंवार को इसकी जानकारी दी। पंवार ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर फोटो शेयर कर दी है। अब पुलिस ने खालिद और साबिया को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसे श्नकल जिहादश् कहा है। श्री धामी ने कहा, श्युवाओं का भविष्य बर्बाद करने के लिए वे गैंग बनाकर साजिश रचते हैं। कोचिंग माफिया और नकल माफिया मिलकर राज्य में नकल जिहाद चला रहे हैं... क्षेत्र में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन माफियाओं और जिहादियों को चेतावनी है कि जब तक माफिया का खात्मा न हो, हम चौन से नहीं बैठेंगे। भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, उस पर अब आश्चर्य भी नहीं होता, क्योंकि केंद्र से लेकर राज्यों तक भाजपा में उच्चपदों पर बैठे लोग इसी तरह अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ने के लिए खोखले शब्दों का सहारा लेते हैं। पहलगाम के आतंकियों को प्रधानमंत्री मोदी धरती के आखिरी कोने से पकड़ कर लाने की बातें कर रहे थे, लेकिन अब तक वे शायद कोनों की तलाश ही कर रहे हैं। भ्रष्टाचार, आतंकवाद, सांप्रदायिक नफरत हर बुराई पर जीरो टॉलरेंस की बात कही जाती है, लेकिन अभी यही समझ नहीं आ रहा कि भाजपा की सहनशक्ति की परिभाषा क्या है। क्योंकि पेपर लीक की घटना पहली बार नहीं हुई है। नीट, यूजीसी नेट, बिहार में पीएससी, व्यापमं ऐसे न जाने कितने परीक्षा घोटाले भाजपा के शासन काल में हुए हैं। पिछले चुनावों में जब कांग्रेस ने इसे मुद्दा बनाया था, तो सत्ता में आने के बाद मोदी सरकार पेपर लीक पर कड़ा कानून लेकर आ गई। इसे श्लोक परीक्षा कानून 2024 (पब्लिक एग्जामिनेशन एक्ट 2024) नाम दिया गया। इसमें प्रतियोगी परीक्षाओं में अनुचित साधनों के इस्तेमाल पर तीन से पांच साल की सजा और 10 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। संगठित रूप से इस तरह का अपराध करने पर 1 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। सरकार ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक को रोकना इस कानून का मकसद है।हालांकि अब लग रहा है कि इस कानून का मकसद केवल ध्यान भटकाना या बहानेबाजी करना था। क्योंकि जिस तरह पुष्कर धामी ने पेपर लीक के गंभीर मामले को नकल जिहाद जैसा शातिराना नाम दिया है, उससे जाहिर है कि सरकार की मंशा किसी भी तरह सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने की है। मान लें पुलिस खालिद मलिक की जगह किसी अन्य को गिरफ्तार करती, जिसका धर्म हिंदू होता, क्या तब पुष्कर धामी इसे नकल जिहाद कहने की हिमाकत करते। वैसे ध्यान देने वाली बात यह है कि जिस परीक्षा केंद्र से खालिद को गिरफ्तार किया गया, उसके प्रिंसिपल धर्मेंद्र चौहान हैं, जो भाजपा के हरिद्वार मीडिया प्रभारी भी हैं। श्री चौहान ने बताया कि, 18 कक्षाओं में अभ्यर्थी थे, लेकिन केवल 15 में जैमर लगे थे। खालिद का हॉल जैमर से खाली था। उन्होंने बताया कि हमने कमीशन को इसकी जानकारी दी थी। अब पुलिस का कहना है कि केंद्र की प्रशासनिक लापरवाही की जांच यूकेएसएसएससी करेगा। परीक्षा से एक दिन पहले भी स्पेशल टास्क फोर्स और देहरादून पुलिस ने पंकज गौर और हाकम सिंह नाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया था, जो अभ्यर्थियों से 12-15 लाख रुपये लेकर परीक्षा में सफलता का वादा कर रहे थे। हाकम सिंह पर 2021 के लीक मामले में भी केस दर्ज है। एक मुस्लिम आरोपी और दो हिंदू आरोपियों के होने को भी क्या पुष्कर धामी नकल जिहाद से जोड़ेंगे या अपनी प्रशासनिक अक्षमता स्वीकार कर छात्रों के साथ न्याय करेंगे, यह देखना होगा। - **( एजेंसी )**


# बंगाल के शक्तिपीठों में मां काली-दुर्गा का रहस्य



बंगाल देवी उपासना की भूमि है, जहां मां काली और दुर्गा के शक्तिपीठों की शृंखला न सिर्फ आस्था का केंद्र है, बल्कि ऐतिहासिक, तांत्रिक साधना और सांस्कृतिक पहचान भी है। बंगाल शक्तिपूजा का केंद्र है। यहां मां काली और मां दुर्गा की पूजा विभिन्न रूपों में वर्ष में कई बार होती है। कभी जगद्धात्री पूजा तो कभी काली पूजा या रक्षा काली पूजा। पश्चिम बंगाल में जगज्जननी मां दुर्गा और मां काली के कई प्राचीन और प्रसिद्ध मंदिर हैं। ये मंदिर न केवल अपनी भव्यता के लिए जाने जाते हैं, बल्कि अपने ऐतिहासिक महत्व और शक्तिपीठ होने के कारण भी श्रद्धालुओं के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। काली कलकत्ते वाली के नाम से मशहूर यह मंदिर कोलकाता के सबसे प्रसिद्ध और प्राचीन मंदिरों में से एक है। कालीघाट शक्तिपीठों में से एक है। मान्यता है कि यहां सती के दाहिने पैर की उंगली गिरी थी। इस मंदिर में देवी काली की भव्य और आकर्षक प्रतिमा के दर्शन के लिए दुनियाभर से भक्त आते हैं। मंदिर के वास्तुशिल्प आकर्षण के साथ-साथ इसका ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व भी है, जो इसे एक अद्वितीय और शांत स्थल बनाता है। देवी काली की प्राचीन प्रतिमा बलुआ पत्थर से बनी है और इसमें इनकी जीभ निकली हुई है, जो देवी के उग्र रूप को दर्शाती है। यह मंदिर देवी काली के भवतारिणी रूप को समर्पित है। यह मां काली के अनन्य उपासक श्रीरामकृष्ण परमहंस की साधनास्थली के रूप में प्रसिद्ध है। यह मंदिर अपने ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व के लिए जाना जाता है। दक्षिणेश्वर काली मंदिर कोलकाता के पास हुगली नदी के पूर्वी तट पर स्थित मंदिर है। इसे 1855 में रानी रासमणि ने बनवाया था। देवी काली ने उन्हें सपने में दर्शन देकर मंदिर बनवाने का आदेश दिया था। मंदिर में मुख्य नवरत्न मंदिर के अलावा, नदी के किनारे 12 महादेव मंदिर, राधा-कृष्ण मंदिर और एक स्नान घाट के साथ-साथ स्वामी रामकृष्ण के कमरे और मां शारदा के बिताए स्थान भी हैं। यह मंदिर 19वीं सदी के बंगाल के पुनर्जागरण से भी जुड़ा है मंदिर परिसर के पास हुगली नदी के पार बेलूर मठ, रामकृष्ण मिशन का मुख्यालय है। यह एक अनोखा शाही मंदिर है जो अपनी वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है। हंसेश्वरी मंदिर पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के बांसबेरिया में स्थित है। 19वीं सदी की शुरुआत में राजा नृसिंहदेव राय द्वारा इसका निर्माण कार्य शुरू किया गया था, जिसे उनकी पत्नी रानी शंकरी ने पूरा किया था। इस मंदिर में मां काली के एक रूप देवी हंसेश्वरी की विशेष प्रतिमा विराजमान है। मंदिर के गर्भगृह में नीम की लकड़ी से बनी देवी हंसेश्वरी (देवी काली का एक रूप) की नीले रंग की चतुर्भुजी प्रतिमा है, जो लेटे हुए शिव के ऊपर कमल के डंठल पर विराजमान है। इसके नजदीक स्थित अनंत बसुदेव मंदिर के लिए भी यह जाना जाता है, जिसमें समृद्ध टेराकोटा अलंकरण हैं। मंदिर की पांच मंजिला संरचना 'तांत्रिक सचक्रभेद' का प्रतिनिधित्व करती है, जो मानव शरीर की नाड़ियों और चक्रों को दर्शाती है। यह संरचना इसे पश्चिम बंगाल के मंदिरों में से विशिष्टता प्रदान करती है। यह मां तारा देवी को समर्पित एक महत्वपूर्ण शक्तिपीठ है। तारापीठ मंदिर पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में रामपुरहाट शहर के पास स्थित है। यह एक प्रसिद्ध तांत्रिक मंदिर और शक्ति पीठ है। बंगाल में यह हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण तीर्थस्थल है, जो देवी तारा के मंदिर और उससे सटे एक श्मशान घाट के लिए जाना जाता है। यह 13वीं शताब्दी का एक मंदिर है और शक्ति पीठों में से एक है, जो हिंदू धर्म में दस महाविद्याओं में से एक, देवी तारा को समर्पित है। किरीटेश्वरी मंदिर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के किरीटकोना गांव में स्थित है, जो 51 शक्तिपीठों में से एक है। यह मंदिर हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार देवी सती के किरीट (मुकुट) के गिरने के कारण प्रसिद्ध है। यह पश्चिम बंगाल के प्राचीन और प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। मंदिर का इतिहास 1000 साल से भी पुराना है और यह एक सक्रिय तीर्थ स्थल है, जो हर साल हजारों भक्तों और पर्यटकों को आकर्षित करता है। अपने धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के कारण यह भक्तों और इतिहास प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण आकर्षण है। नवरात्रि और दुर्गा पूजा जैसे विशेष त्योहारों पर यहां विशेष पूजा और अनुष्ठान होते हैं।यह मां दुर्गा के महिषमर्दिनी स्वरूप को समर्पित है और इसे एक शक्तिपीठ भी माना जाता है। पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में बक्रेश्वर कस्बे में स्थित महिषमर्दिनी मंदिर, देवी दुर्गा का एक महत्वपूर्ण मंदिर है। यह 51 शक्तिपीठों में से एक है। ज्ञात इतिहास के अनुसार इसका निर्माण 10वीं-11वीं शताब्दी में हुआ था। सोमवंशी शासन के दौरान बना यह मंदिर रेखा देउल शैली में निर्मित है। बाद में 19वीं सदी में इसका जीर्णोद्धार किया गया। यहां देवी महिषमर्दिनी और भगवान बकरनाथ शिव की पूजा की जाती है।

यहां अद्भुत प्राकृतिक चमत्कार के रूप में 10 गर्म झरने भी मौजूद हैं। इनके बारे में मान्यता है कि इनमें स्नान करने पर कई प्रकार के रोगों से मुक्ति मिलती है।यह 16वीं-17वीं शताब्दी में निर्मित एक प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर है। यह पश्चिम बंगाल के बर्धमान के केंद्र में स्थित है। इसका निर्माण 1740 ईध्. में राजा महाताब चंद के शासनकाल में हुआ। यहां श्रद्धालु देवी दुर्गा के पूजनीय स्वरूप, देवी सर्वमंगला की पूजा करते हैं। मंदिर में मौजूद प्राचीन मूर्ति के बारे में माना जाता है कि यह एक सहस्राब्दी से भी अधिक पुरानी है। यह मंदिर आस्था और शांति के साधकों, दोनों को समान रूप से आकर्षित करता है।पश्चिम मेदिनीपुर (झाड़ग्राम जिले) में कनक दुर्गा मंदिर, एक प्रसिद्ध मंदिर है, जिसे लगभग 500 साल पहले राजा गोपीनाथ ने बनवाया था। कहते हैं यहां देवी मां की मूर्ति सोने से बनी है। मंदिर में देवी का एक चतुर्भुज रूप है और अश्व को उनका वाहन माना गया है। यहां प्रतिवर्ष नवरात्रि के दौरान दुर्गा पूजा बहुत धूमधाम से मनाई जाती है। यह मंदिर झाड़ग्राम जिले के चिल्कीगढ़ में स्थित है। झारग्राम पैलेस से इसकी दूरी लगभग 12 किलोमीटर है। पौराणिक कथा के अनुसार, राजा गोपीनाथ को देवी कनक दुर्गा ने स्वप्न में दर्शन दिए और उन्होंने देवी के लिए एक मंदिर बनवाया। इस मंदिर की एक खास बात यह है कि देवी मां की मूर्ति रानी गोविंदमनी के सोने के कंगन से बनवाई गई थी। - **( एजेंसी )**

# BRICS की सदस्यता के लिए आवेदन करने के बाद Palestine बोला - भारत के दरवाजे हमारे लिये 24 घंटे खुले रहते हैं




एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम के तहत फिलस्तीन ने ठत्प्ङै समूह में सदस्यता के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। यह कदम उस समय सामने आया है जब लगातार कई देश फिलस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता प्रदान कर रहे हैं। रूस में फिलस्तीन के राजदूत अब्देल हाफिज नोफल ने पुष्टि की है कि आवेदन दायर किया जा चुका है और अब उत्तर की प्रतीक्षा की जा रही है। उनका कहना है कि जब तक परिस्थितियाँ अनुकूल नहीं होतीं, फिलस्तीन अतिथि सदस्य के रूप में भागीदारी कर सकता है। हम आपको बता दें कि ठत्प्ङै, जो मूलतः ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका की सदस्यता के साथ शुरू हुआ था, वह हाल के वर्षों में तेजी से विस्तारित हुआ है। वर्ष 2024 में मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात इस मंच से जुड़े, वहीं 2025 में इंडोनेशिया इसका हिस्सा बना। चीन ने इस विस्तार का स्वागत करते हुए संकेत दिया है कि ष्समान विचारधारा वाले साझेदारष् ठत्प्ङै के लिए उपयुक्त हैं। बीजिंग का स्पष्ट संदेश है कि यह संगठन ग्लोबल साउथ के देशों को सशक्त आवाज देने और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था स्थापित करने का मंच बन चुका है। देखा जाये तो फिलस्तीन की इस पहल का समय बेहद महत्वपूर्ण है। एक ओर पश्चिमी देशों की स्थिति वर्षों से इजराइल-समर्थक रही है, वहीं हाल के सप्ताहों में कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, पुर्तगाल और ब्रिटेन जैसे देशों ने फिलस्तीन को औपचारिक मान्यता प्रदान कर दी है। यह इस बात का संकेत है कि पश्चिमी राजनीतिक परिदृश्य में भी बदलाव आ रहा है। फिलस्तीन यदि ठत्प्ङै से जुड़ता है तो यह न केवल प्रतीकात्मक होगा बल्कि उसकी कूटनीतिक स्थिति को भी मजबूती देगा। हम आपको बता दें कि भारत ने ऐतिहासिक रूप से फिलस्तीन के आत्मनिर्णय और स्वतंत्र राष्ट्र की आकांक्षा का समर्थन किया है। महात्मा गांधी से लेकर जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी तक की नीतियों में फिलस्तीन के प्रति सहानुभूति और समर्थन स्पष्ट रहा। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में भी फिलस्तीन के पक्ष में मतदान किया है और उसकी विकासात्मक सहायता में योगदान दिया है। हालांकि, पिछले दो दशकों में भारत-इजराइल संबंधों में उल्लेखनीय निकटता आई है। रक्षा, प्रौद्योगिकी और कृषि जैसे क्षेत्रों में सहयोग ने नई दिशा दी है। इसके बावजूद भारत ने संतुलित दृष्टिकोण बनाए रखा हैकृ एक ओर इजराइल के साथ रणनीतिक साझेदारी, दूसरी ओर फिलस्तीन के राष्ट्र की मान्यता और सहायता। हम आपको बता दें कि ठत्प्ङै का उद्देश्य वैश्विक वित्तीय व राजनीतिक संस्थाओं में सुधार लाना और विकासशील देशों को मजबूत आवाज देना है। यदि फिलस्तीन इस संगठन का हिस्सा बनता है तो भारत के सामने संतुलन साधने की चुनौती होगी। एक ओर भारत को ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं और ऐतिहासिक रुख का समर्थन करना होगा, वहीं दूसरी ओर इजराइल के साथ उसके घनिष्ठ संबंधों को भी ध्यान में रखना पड़ेगा। भारत के लिए यह अवसर भी है कि वह मध्य-पूर्व में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने वाला मध्यस्थ बनकर उभरे। भारत ष्रणनीतिक स्वायत्तताष् की अपनी नीति के तहत यह साबित कर सकता है कि वह पश्चिम और पूर्व के बीच संतुलन साधने में सक्षम है। देखा जाये तो फिलस्तीन का ठत्प्ङै में आवेदन केवल एक कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक नए वैश्विक समीकरण का संकेत है। ठत्प्ङै अब केवल आर्थिक सहयोग का मंच नहीं रहा, बल्कि यह विश्व राजनीति में शक्ति संतुलन का प्रतीक बन चुका है। भारत के लिए यह समय है कि वह फिलस्तीन की आकांक्षाओं का समर्थन करते हुए शांति, न्याय और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के अपने संकल्प को मजबूती से रेखांकित करे। हम आपको यह भी बता दें कि भारत और फिलस्तीन के बीच संबंध ऐतिहासिक रूप से भावनात्मक और कूटनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहे हैं। भारत में फिलिस्तीनी राजदूत के बयान ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया है कि नई दिल्ली और रामल्लाह के बीच संबंध विश्वास और सहयोग की मजबूत नींव पर टिके हुए हैं। फिलस्तीनी राजदूत ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत फिलिस्तीनी जनता के लिए ठोस और महत्त्वपूर्ण काम कर रहा है। उन्होंने कहा है कि भारत फिलिस्तीन में कई विकास परियोजनाओं में कार्यरत है, जिनमें एक मिलियन डॉलर का अस्पताल भी शामिल है। इसके अलावा भारत संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूएनआरडब्ल्यूए (न्छॅट।) का भी समर्थन करता है, जो फिलिस्तीनी शरणार्थियों की देखभाल करती है। फिलिस्तीनी राजदूत ने भारत के प्रति गहरी संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि यदि कभी किसी मुद्दे पर चर्चा की आवश्यकता होती है, तो भारतीय विदेश मंत्रालय 24 घंटे खुला रहता है। यह बयान केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि गहरे भरोसे और सहयोग की गवाही है। जब उनसे पूछा गया कि भारत के अन्य देशों, विशेषकर इजराइल के साथ बढ़ते संबंधों का क्या असर फिलिस्तीन पर पड़ता है, तो उन्होंने स्पष्ट कहाकृ हम भारत को वृहद स्तर पर देखते हैं। संयुक्त राष्ट्र, सुरक्षा परिषद, महासभा, मानवाधिकार परिषद और जमीन पर लागू की जा रही परियोजनाओं में भारत की सक्रियता, भारत-फिलिस्तीन संबंधों का वास्तविक पैमाना है। इस बयान से यह साफ है कि फिलिस्तीन भारत की नीति में कोई विचलन नहीं मानता। राजदूत ने स्वीकार किया कि भारत अपने द्विपक्षीय संबंध किसी भी देश के साथ बनाए रख सकता है और फिलिस्तीन इसमें हस्तक्षेप नहीं करता। हम आपको बता दें कि भारत ने हमेशा फिलिस्तीन के आत्मनिर्णय और राष्ट्र निर्माण के अधिकार का समर्थन किया है। फिलिस्तीनी राजदूत के शब्द इस नीति की सफलता को दर्शाते हैं। भारत ने एक तरफ फिलिस्तीन को आर्थिक और मानवीय सहायता दी है, तो दूसरी तरफ पश्चिम एशिया में अपने रणनीतिक हितों का भी ध्यान रखा है। बहरहाल, फिलिस्तीनी राजदूत का यह बयान भारत की कूटनीतिक साख को और मजबूती देता है। यह दर्शाता है कि नई दिल्ली को मध्य-पूर्व में एक विश्वसनीय साझेदार माना जाता है। भारत के लिए यह अवसर है कि वह न केवल विकास परियोजनाओं के माध्यम से बल्कि शांति स्थापना और संवाद की प्रक्रिया में भी केंद्रीय भूमिका निभाए। भारत-फिलिस्तीन संबंध इस बात का उदाहरण हैं कि वैश्विक राजनीति में संतुलन और पारदर्शिता से दीर्घकालिक विश्वास कायम किया जा सकता है। - **( एजेंसी )**

CMYK

# पनवाड़ी महिला प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की प्रथम वार्षिक आम सभा संपन्न

संवाददाता




पनवाड़ी (महोबा)। पनवाड़ी विकासखंड के ब्लॉक सभागार में सोमवार को महिला प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, पनवाड़ी की प्रथम वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संपन्न हुआ। सभा की अध्यक्षता कंपनी की अध्यक्ष रोशनी, सचिव मोमना एवं कोषाध्यक्ष रंजना ने संयुक्त रूप से की। वार्षिक आम सभा में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिला किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बैठक में ब्लॉक मिशन मैनेजर वत्सल कुमार, एडीओ देवकरण कुशवाहा तथा कंपनी के सीईओ वीरेंद्र ने महिला किसानों से कृषि, खेती-किसानी, खाद-बीज वितरण और आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर भूपेंद्र चौरसिया, डीएमएम रवि कुमार सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। पनवाड़ी क्षेत्र की ग्राम सभाओंकृशिलालपुरा, बैंदों, कोटरा, बीहट, सलैया, खालसा, पनवाड़ी, स्योढी आदि गांवों की महिला किसानों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में महिला किसानों को शेयर सर्टिफिकेट वितरित किए गए। आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को संगठित कर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना और कृषि उत्पादन में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

# धूमधाम के साथ निकाली गई भव्य एवं दिव्य कलश यात्रा

संवाददाता

कबरई (महोबा)। कबरई नगर में सात दिवसीय श्री श्री 1008 श्रीमद् भागवत महापुराण कथा एवं ज्ञान यज्ञ का आयोजन शिव शक्ति धाम, किदवई नगर, मीरा रोड स्थित शहनाई पैलेस के सामने किया जा रहा है। इसी क्रम में आज सोमवार को भव्य एवं दिव्य कलश यात्रा का आयोजन बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ।



कलश यात्रा का शुभारंभ शिव शक्ति धाम मंदिर से हुआ, जो बांदा चौराहा, छंगा चौराहा, पांच पहाड़ी माता मंदिर, मराठा हनुमान मंदिर होते हुए पुनः बांदा चौराहा, बब्बा जी मंदिर से होते हुए शिव शक्ति धाम पर संपन्न हुई। यज्ञ कलश यात्रा में यजमान शिव शक्ति चरण सेवक जय गोविंद महंत, उनकी धर्मपत्नी सीमा, कथा वाचक पंडित शिवाकांत शास्त्री (वृंदावन धाम), यजमान श्रीमती सोनमदृपवन कुमार, मुख्य व्यवस्थापक रामलखन सोनी (पत्रकार, भाजपा शह जिला मीडिया प्रभारी, महोबा) सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। कथा संचालन समिति की अध्यक्षता सुनील कुमार कुशवाहा ने की, जबकि आयोजन में शिवराज पंडित, कौशल महाराज, सुरेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, रमाकांत राजपूत, अजय राजपूत (पनवाड़ी), गौनगुढ खुशी सहित अन्य पदाधिकारी एवं सेवक सक्रिय रहे। भव्य कलश यात्रा में बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों, हाथी-घोड़े के साथ सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर नगर भ्रमण किया। यात्रा के दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह कलश यात्रा का स्वागत कर श्रद्धा भाव प्रकट किया। आयोजन स्थल पर वातावरण भक्ति और उल्लास से सराबोर रहा। महिला-पुरुष, बच्चों और वृद्धजनों की भारी भीड़ ने यात्रा को ऐतिहासिक बना दिया।

# क्षेत्रीय वन विभाग अधिकारी की अध्यक्षता में मनाया गया सेवा पर्व



संवाददाता

चरखारी (महोबा) ।उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकृति संरक्षण एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से चलाए जा रहे सेवा पर्व कार्यक्रम के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत सालट में विशेष आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम क्षेत्रीय वन विभाग अधिकारी श्री राम निरंजन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सेवा पर्व के अवसर पर श्री राम निरंजन ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन और प्रकृति एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि जंगल और पेड़-पौधे न हों तो मानव जीवन का अस्तित्व संभव नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर चलें और पेड़-पौधों को क्षतिग्रस्त न करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को भी सुरक्षित पर्यावरण मिल सके। इस दौरान फ ॉरेस्ट गार्ड रूपेंद्र सिंह राजपूत, मंगल सिंह राजपूत, अरविंद यादव, लाखन सिंह यादव, धर्मेंद्र रैकवार सहित अन्य वन कर्मियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। ग्राम प्रधान सालट सुखदेव अहिरवार तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण इस अवसर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी ने मिलकर वृक्षारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। सेवा पर्व का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को प्रकृति संरक्षण के महत्व से जोड़ना और वृक्षारोपण को जन आंदोलन का रूप देना बताया गया।

# मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत आयोजित हुआ विशेष जागरूकता कार्यक्रम

संवाददाता

महोबा। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत जनपद महोबा में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह आयोजन पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। जनपद के सभी थानों की मिशन शक्ति टीमें अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण पर निकलीं और महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को महिला संबंधित समस्याओं एवं अपराधों के निस्तारण की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर भी बताए गए, जिनमें प्रमुख हैं

वूमेन पॉवर लाइन/1090
पुलिस आपातकालीन सेवा/112
एम्बुलेंस सेवा/108
चाइल्ड लाइन/1098
स्वास्थ्य सेवा/102
महिला हेल्पलाइन/181
मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/1076
साइबर हेल्पलाइन/1930

मिशन शक्ति टीमों ने गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और कानूनी प्रावधानों के विषय में भी विस्तार से समझाया। इस अवसर पर शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पंपलेट भी वितरित किए गए।




इसके साथ ही थानों में हाल ही में स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों की भूमिका से भी महिलाओं को अवगत कराया गया। इन केंद्रों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, मार्गदर्शन और परामर्श प्रदान करना है।

यह कार्यक्रम महिलाओं और बालिकाओं को न केवल जागरूक करने में सहायक रहा, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनने की दिशा में प्रेरित करने वाला भी साबित हुआ।

# उचौलिया पुलिस संग छात्राओं ने जाना आत्मरक्षा का महत्व



संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। जनपद के थाना उचौलिया अन्तर्गत मिशन शक्ति 5 अभियान के तहत छात्राओं व महिलाओं को महिला अधिकारों, उनके सम्मान और आत्मरक्षा का महत्व समझाया गया। कार्यक्रम में उचौलिया पुलिस ने छात्राओं को प्रशिक्षित किया और उन्हें सशक्त होने के लिए प्रेरित किया। मिली विधिवत जानकारी के अनुसार दिनांक 30.9.2025 को मुख्यमंत्री द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत थाना उचौलिया जनपद लखीमपुर खीरी के ग्राम मठ बाल देवता के पंचायत भवन में बालिकाओं व महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन नंबर, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 112 पुलिस हेल्पलाइन नंबर, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा व 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर आदि हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही कार्यक्रम में आई महिलाओं व छात्राओं से उनकी समस्या को भी सुना गया। इसके अलावा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, राष्ट्रीय पोषण मिशन आदि के बारे में जानकारी दी गई।

# दो बाईक की आमने-सामने भिडंत 2 गज़्भीर घायल मौके पर उचौलिया पुलिस के साथ सेवा का जुनून की टीम मौजूद



संवाददाता

लखीमपुर खीरी। उचौलिया थाना क्षेत्र के मठ बाल देवता मोड़ के पास दो मोटरसाइकिलें आपस में भिड़ गईं। हादसे में एक बाइक पर सवार 2 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पाकर तत्काल मौके पर सेवा का जुनून की टीम व उचौलिया पुलिस पहुंच गई ।सेवा का जुनून की टीम द्वारा घायलों को मुफ्त प्राथमिक उपचार दिया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एम्बुलेंस की मदद से पसगवां सीएचसी भेजा गया। जहां दोनों घायलों को गम्भीर हालत में शाहजहांपुर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। हादसे में शामिल दोनों मोटरसाइकिल सवार विकास पुत्र ओमकार व राजीव पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम रतनपुर थाना उचौलिया, जोकि आपस में चाचा भतीजे हैं, रतनपुर से डीजल लेने जियो की पेट्रोल पम्प कोटरा जा रहे थे। दूसरी बाइक पर सोनपाल पुत्र जय राम निवासी बरनैय्या थाना उचौलिया फेरी से सामान बेचकर अपना गुजर बसर करता है। फिलहाल पुलिस ने दोनों बाइक अपने कब्जे में ले ली है।

# कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने महोबा में किया निरीक्षण, किसानों को दिलाया भरोसा

संवाददाता

महोबा। उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सोमवार को जनपद महोबा का दौरा कर कृषि व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत कबरई में क्रय-विक्रय समिति कबरई, साधन सहकारी समिति कबरई-2 तथा कुशवाहा बीज एवं खाद भंडार का निरीक्षण किया ।निरीक्षण में व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। अभिलेख पूर्ण थे और किसानों को उर्वरक का वितरण सुव्यवस्थित ढंग से किया जा रहा था। मंत्री जी ने मौके पर कुछ किसानों से फोन पर वार्ता भी की, जिसमें किसानों ने उर्वरक प्राप्ति की पुष्टि की। उन्होंने सहकारी समितियों से जुड़े किसानों को समय से बकाया जमा करने के लिए प्रेरित किया, ताकि समितियों का संचालन सुचारू रूप से चलता रहे। इसके उपरांत मंत्री जी ने बिरमा भवन में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, अपर जिलाधिकारी वित्तध्राजस्व कुंवर पंकज, उप कृषि निदेशक, सहायक आयुक्त व निबंधक सहकारी समितियां, जिला कृषि अधिकारी आदि के साथ बैठक कर कृषि समस्याओं की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में वर्तमान में 4751 मीट्रिक टन यूरिया, 2030 मीट्रिक टन डीएपी और 1250 मीट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है। मंत्री जी ने जानकारी दी कि इफ्को डीएपी की एक रैक 30 सितंबर तक जिले में लग जाएगी तथा 500 मीट्रिक टन कृभको डीएपी भी 1 अक्टूबर तक समितियों को उपलब्ध करा दी जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है और किसानों को उनकी जोत के आधार पर ही वितरण किया जाएगा। कृषि मंत्री ने पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि उर्वरक वितरण केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए और बिना भूमि वाले लोगों द्वारा खाद क्रय करने पर सख्त विधिक कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि कृषि विभाग द्वारा चना, मटर, मसूर, सरसों, अलसी व तोरिया की फसलों के लिए मिनीकिट बीज निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। किसान पोर्टल पर टोकन बुक कर गोदाम से समय पर बीज प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने अधिकारियों को अनुदान पर कृषि यंत्रों के प्रचार-प्रसार करने और फसल बीमा योजनाओं से आच्छादित किसानों को सत्यापन उपरांत क्षतिपूर्ति दिलाने के निर्देश भी दिए। इसके बाद मंत्री जी ग्राम पवा पहुंचे, जहां उन्होंने आत्महत्या करने वाले किसान रामेश्वर पुत्र शिवदयाल के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मृतक के पुत्रों को नियमानुसार पारिवारिक सहायता राशि दिलाने के निर्देश दिए। जांच में सामने आया कि रामेश्वर के पास 1.50 बीघा भूमि थी, जिसे बटाई पर दे रखा था और



उन्होंने समिति से कभी खाद नहीं लिया। मंत्री ने दुष्प्रचार फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने के आदेश दिए। इस दौरान जिला अध्यक्ष भाजपा मोहन लाल कुशवाहा, विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर, सदर विधायक राकेश गोस्वामी समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। किसानों ने अपनी समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं, जिस पर उन्होंने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# मिशन शक्ति कार्यक्रम तथा साइबर ठगी से बचने के लिए महिलाओं व पुरुषों को किया गया जागरूक

संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। दिनांक 30 सितंबर, 2025 को जिले के थाना उचौलिया पर क्षेत्र के सम्मानित-सम्भ्रान्त व्यक्तियों तथा आम नागरिकों के साथ मिशन शक्ति कार्यक्रम तथा साइबर जागरूकता के संबंध में गोष्ठी की गई। जिसमें मिशन शक्ति कार्यक्रम के साथ-साथ साइबर ठगों से बचने की जानकारियां दी गई। बताते चलें कि जनपद लखीमपुर-खीरी के उचौलिया थाना क्षेत्र में छात्राओं व महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक बड़ा अभियान चल रहा है। जिसके अन्तर्गत मिशन शक्ति के तहत छात्राओं व महिलाओं को जागरूक किया गया। तथा क्षेत्र के सम्भ्रांत व सम्मानित व्यक्तियों सहित आम नागरिकों को साइबर अपराधों से बचने के तरीके भी सिखाए गए। इस अभियान में आत्मरक्षा की ट्रेनिंग और साइबर ठगी से बचने की जानकारी दी गई।

# बिना मान्यता प्राप्त विद्यालयों की भरमार जिम्मेदार जानकर बने अंजान

## खण्ड शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण के बाद भी क्षेत्र मे फर्जी मान्यता प्राप्त एवं मान्यता से अधिक संचालित हो रहे विद्यालय

संवाददाता

बाराबंकी। शासन की लाख कोशिशों के बाद बिना मान्यता स्कूलों की संख्या मे लगातार हो रहा इजाफा । जिम्मेदार जानकर बने अंजान। आपको बताते चले कि मामला खण्ड शिक्षा क्षेत्र बनीकोडर के टिकरा बाजार स्थित बाबा रामदेव हनुमान पब्लिक स्कूल वर्षों से बिना किसी मान्यता के कक्षा आठवीं तक संचालित हो रहा है। विद्यालय मे ना तो शौचालय है ना ही पानी पीने के लिए साफपानी न ही नल है। बच्चे



इधर उधर शौच एवं पानी के लिए भटकते नजर आये। वहीं बनीकोडर खण्ड शिक्षा अधिकारी अवैध मान्यता के संचालित विद्यालय पर सिकंजा कसने का ढिढोरा पीट रहे हैं। लेकिन जमीनी हकीकत में दर्जनों स्कूल बिना मान्यता एवं मान्यता से अधिक संचालित हो रहे है। लेकिन कार्यवाही की जहमत उठाना उचित नहीं समझा। कुछ महीने पुर्व बनीकोडर के एक विद्यालय को सील की खबरें अखबारों की सुखिया बनी थी । लेकिन कुछ दिनों मे सील विद्यालय पुनः से चालू कर दिया ।आखिरकार आखिरकार शिक्षा के दुश्मनों पर क्यों महेरबान है। आखिरकार शिक्षा विभाग अवैध स्कूलों पर कब होगी कार्यवाही यह तो समय के गर्भ में है ?

# क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पन्त थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक

संवाददाता

बाराबंकी। क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंथ की अध्यक्षता मे मुस्लिम धर्मगुरुओ एव समाज के प्रतिष्ठित लोगो के बींच शांति समिति की बैठक सम्पन हुई। बैठक मे सीओ ने लोगो से शांति, सौहार्द और कानून बनाये रखने मे सहयोग की अपील की। क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंथ ने सभी मुस्लिम धर्मगुरुओ और समाज के प्रबुद्धजनों से अपील करते हुए कहा कि युवाओं को अफवाहों और भड़काऊ संदेशो पर ध्यान न देने के लिए प्रेरित करे। सीओ ने कहा कि पैगंबर मुहम्मद साहब सभी धर्मो के आदर्श है जिनके बताये हुए रास्ते संदेश एव



शिक्षा सभी धर्मो के लिए महत्व रखते है मुहम्मद साहब का सम्मान हम सभी के दिलो मे है वर्तमान समय मे नवरात्रि दुर्गा पूजा महोत्सव चल रहा हैं जिसमे संयम रखने की जरूरत है आप सभी लोग सहयोग करे कुछ समय बाद सब कुछ सामान हो जायेगा। क्षेत्राधिकारी सीओ यातायात आलोक पाठक ने कहा कि मसौली क्षेत्र कौमी एकता का प्रतीक है जिसमे समय समय पर मेले एव जुलुसो का आयोजन होता रहता है आप सभी लोग मिलजुल कर त्यौहार मनाये तथा कोई ऐसा कार्य न करे जिससे माहौल खराब हो उन्होंने लोगो से यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश दिये। प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह ने मुस्लिम धर्मगुरुओ से आई लव मोहम्मद पर सतर्क रहने एव सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर अतरिक्त प्रभारी निरीक्षक सनत मिश्रा, एस एस आई शमशाद अली, चौकी प्रभारी कस्बा राहुल शर्मा, उपनिरीक्षक अभय गुप्ता, ग्राम प्रधान मुईन वारिस , हाजी सालिम अंसारी, रामसिंह यादव, नूर मोहम्मद, मो0 कामिल, रफी अहमद, हाफिज मुईन कारी, हाफिज आसिफअली, मौलाना इमरान नदवी, मौलाना फैजान, एजाज रसूल, रेहान अंसारी, शादाब अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

# धार्मिक कार्यक्रमों से बढ़ती है धर्म के प्रति सद्भावना: रोहित श्रीवास



संवाददाता

झांसी। उम्मीद रोशनी की समाजसेवी संस्था के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन अंसल बसेरा के सामने वाली मलिन बस्ती में आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि उम्मीद रोशनी की समाजसेवी संस्था के रोहित श्रीवास द्वारा फीता काटकर किया। बच्चों ने संस्कृति डांस प्रस्तुत की कार्यक्रम उपरांत आयोजक अनुराग गोयल जी द्वारा मुख्य अतिथि का माला पहनकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रोहित श्रीवास ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम केआयोजन से आपसी भाईचारा बढ़ता है एवं लोग धर्म के क्षेत्र में आगे बढ़ते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को धार्मिक कार्यक्रम करने चाहिए। इस मौके संस्था मीडिया प्रभारी अब्दुल निजाम खान सिल्की अग्रवाल, संजना कुमारी, हर्ष साहू, अजय कुमार सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# हिन्दी समाज को एकता और संवाद की शक्ति प्रदान करती है : कुलपति प्रो. मुकेश पांडेय

## बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में हुआ राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा 2025 का भव्य समापन

संवाददाता

झांसी । बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झाँसी के हिंदी विभाग में राजभाषा हिन्दी पखवाड़ाद्2025 के समापन समारोह का आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. मुकेश पांडेय ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रवींद्र शुक्ल, पूर्व मंत्री, उत्तर प्रदेश उपस्थित रहे। जबकि सारस्वत अतिथि के रूप में अखिल भारतीय इतिहास संकलन समिति के सह संगठन मान्यता संजय श्रीहर्ष मिश्र ने सहभागिता की।

कुलपति प्रो. मुकेश पांडेय ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि हिन्दी केवल राजभाषा की परिधि में बंधी हुई भाषा नहीं है, बल्कि यह भारत की आत्मा और संस्कृति की अभिव्यक्ति है। जिस प्रकार नदियाँ अपने प्रवाह से जीवन देती हैं, उसी प्रकार हिन्दी समाज को एकता और संवाद की शक्ति प्रदान करती है।

मुख्य अतिथि डॉ. रवींद्र शुक्ल ने कहा कि हिंदी की सबसे बड़ी शक्ति इसकी सहजता और सर्वग्राह्यता है। यह वह भाषा है, जो ग्राम्य जीवन से लेकर शहरी परिवेश तक सभी को जोड़ती है। सारस्वत अतिथि संजय श्रीहर्ष मिश्र ने अपने विचार विस्तारपूर्वक रखते हुए कहा कि हिन्दी साहित्य केवल शब्दों का संसार नहीं है, बल्कि यह संवेदनाओं, अनुभवों और जीवन मूल्यों का दर्पण है। तुलसी, सूर और कबीर की वाणी से लेकर प्रेमचंद, निराला और महादेवी वर्मा की रचनाओं तक हिन्दी ने समाज को न केवल दिशा दी है बल्कि कठिन समय में संघर्ष और पुनर्निर्माण की प्रेरणा भी दी है। समापन सत्र में विद्यार्थियों ने पखवाड़े



भर आयोजित वाद-विवाद, निबंध लेखन, काव्य-पाठ, प्रश्नोत्तरी और अन्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन में डॉ श्वेता पांडेय, डॉ. शैलेन्द्र तिवारी, डॉ प्रेमलता श्रीवास्तव, डॉ. रेनू शर्मा, डॉ आशीष दीक्षित, डॉ गरिमा कुशवाहा, रिचा सेंगर, कपिल शर्मा, आकांक्षा सिंह की विशेष भूमिका रहीकार्यक्रम में डॉ श्रीहरि त्रिपाठी, डॉ बिपिन प्रसाद समेत हिंदी विभाग के सभी शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

CMYK

# नाटी इमली भरत मिलाप को लेकर ट्रैफिक डाइवर्जन जारी

संवाददाता

वाराणसी। विश्व प्रसिद्ध काशी में नाटी इमली का भरत मिलाप को देखते हुए ट्रैफिक डायवर्जन है। हजारों की संख्या में उमड़ने वाली भीड़ के अत्यधिक दबाव को लेकर वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था की गई है। गुरुवार की सुबह दोपहर 11 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक डायवर्जन लागू रहेगा। एडीसीपी ट्रैफिक के अनुसार सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय से नाटी इमली की तरफ आने वाले सभी प्रकार के वाहन धूपचंडी तिराहा से रामकटोरा की तरफ डायवर्ट होंगे। उन्होंने बताया कि 11 बजे से शाम 6 बजे तक रूट डायवर्जन को लागू किया गया है। काशीवासी इसका पालन करें।पिपलानी कटरा तिराहा से किसी प्रकार के वाहनो को नाटी इमली की तरफ नही जाने दिया जायेगा, इन वाहनों को मैदागिन चौराहाध्लहुराबीर चौराहा की तरफ डायवर्ट कर दिया जायेगा।वीसी आवास से किसी प्रकार के वाहनो को नाटी इमली की तरफनहीं जाने दिया जायेगा, इन वाहनो को लकडमण्डी तिराहा की तरफ डायवर्ट कर दिया जाएगा। रामकटोरा चौराहा से अन्नपूर्णा रेस्टोरेन्ट ध् बोउलिया बाग गली से किसी प्रकार के वाहनो को नाटी इमली की तरफ नही जाने दिया जायेगा, इन वाहनो को प्रदीप होटल कट की तरफडायवर्ट कर दिया जायेगा। चौकाघाट पुलिस चौकी के पास काली माता मन्दिर तिराहा से किसी प्रकार के वाहनो को नाटी इमली की तरफनही जाने दिया जायेगा, इन वाहनो को गोलगड्डा तिराहा/चौकाघाट चौराहा की तरफडायवर्ट लेबर चौराहा से नाटी ईमली की तरफकिसी भी प्रकार के वाहनों को नहीं जाने दिया जायेगा।

# दुर्गा पूजा उत्सव में धुनुची नृत्य रॉकबैंड डॉंडिया की मची धूम

संवाददाता

कानपुर। दुर्गा पूजा उत्सव पर श हर के पूजन पंडालों से विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए माता दुर्गा की स्तुति की जा रही है। धुनुची नृत्य के साथ मां दुर्गा की आरती की और उनसे सुख-समृद्धि के कामना की गई। श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा किदवई नगर स्थित (किदवई पार्क) में आयोजित उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर वाहवाही लूटी। भक्तों ने रॉक बैंड का भी आनंद उठाया। कमेटी के चेयरमैन उग्रसेन सिंह ने बताया कि माता के तीन दिवसीय कार्यक्रम का निरंतर 67वा वर्ष मना रहे है। और कार्यक्रम में लगातार



भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। वही पूजा संयोजन में अध्यक्ष शुभांकर मुखर्जी, महामंत्री शैलेंद्र प्रताप सिंह, सुरजीत गुहा, वीरेंद्र गुप्ता, देवदत्त बक्शी, शिवम सेठ, अजय योगी, संतोष सैनी, पंकज, रवि सोनकर, मानस आदि सैंकड़ों भक्त मौजूद रहे।

# कक्षा 9 की छात्रा बनी एक दिन की थाना प्रभारी

## जनसुनवाई कर किया परिसर का निरीक्षण

संवाददाता

प्रयागराज। मिशन शक्ति 5.0अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण और बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से करेली थाने में विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेंट मैरी कॉन्वेंट इंटर कॉलेज की कक्षा 9 की छात्रा ज्ञाना दुबे ने एक दिन के लिए थाना प्रभारी की भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को थाना प्रबंधन, कानून-व्यवस्था,अपराध नियंत्रण तथा जनसुनवाई की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। उन्हें थाना स्तर पर आने वाली शिकायतों को सुनने और समाधान की कार्यप्रणाली का अनुभव कराया गया। थाना प्रभारी आशीष सिंह ने बताया कि इस




पहल का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना का विकास करना है। छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक जिम्मेदारी निभाते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका और अधिकारों को समझने का संदेश दिया। यह कार्यक्रम महिला सुरक्षा और जागरूकता की दिशा में एक सार्थक प्रयास माना जा रहा है।

# टीएसएच में एक अक्टूबर से चयनित बच्चों का निशुल्क प्रशिक्षण शुरू

संवाददाता

कानपुर। नगर निगम, खेलो इंडिया और स्मार्ट सिटी मिशन के संयुक्त प्रयास से आर्यनगर स्थित द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) में 1 अक्टूबर से चयनित बच्चों का निशुल्क प्रशिक्षण शुरू हो गया। बुधवार 1 अक्टूबर को पहले ही दिन 266 बच्चों ने उपस्थिति दर्ज कराई। सभी बच्चों की बायोमैट्रिक हाजिरी ली गई। प्रशिक्षण सप्ताह में पाँच दिन होगा, जिसकी शुरुआत वार्मअप से होगी, इसके बाद इंडिविजुअल स्पोर्ट्स ट्रेनिंग और अंत में कूल डाउन कराया जाएगा। गुरुवार 2 अक्टूबर को गांधी जयंती और दशहरा का पर्व होने के कारण अवकाश रहेगा। शुक्रवार से नियमित प्रशिक्षण सत्र जारी रहेंगे। टीएसएच में बच्चों को अत्याधुनिक खेल सुविधाओं के बीच ट्रेनिंग दी जा रही है ताकि वे अपनी प्रतिभा को निखारकर आगे प्रतियोगी स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। गौरतलब है कि इससे पहले 6 और



7 सितंबर को दो दिवसीय ट्रायल प्रक्रिया आयोजित हुई थी। पहले दिन फिजिकल एप्टीट्यूड टेस्ट और दूसरे दिन इंडिविजुअल स्पोर्ट्स स्किल टेस्ट कराया गया। इसमें 477 बच्चों ने हिस्सा लिया था। दोनों चरणों के अंकों और परिवार की आय के आधार पर 300 बच्चों का अंतिम चयन किया गया। दो दिन तक चली ट्रायल प्रक्रिया की निगरानी के लिए नगर निगम ने सात सदस्यीय कोऑर्डिनेशन कमेटी का गठन किया था, जिसमें एडिशनल म्युनिसिपल कमिश्नर जगदीश यादव, कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के इंटरनल ऑडिटर सुचित अग्रवाल, आईटी स्पेशलिस्ट आशुतोष विक्रम सिंह, टीएसएच के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव गर्ग, यूपी टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव पाठक और यूपी एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव डॉ. देवेश दुबे शामिल रहे।

# पीके सिंह ने संजय से लिया चार्ज

## इफको परिवार को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में इकाई नया कीर्तिमान बनाएगी

संवाददाता

प्रयागराज। इफको फुलपुर इकाई में आज एक महत्वपूर्ण अवसर पर पी. के.सिंह ने इकाई प्रमुख का कार्यभार संजय कुदेशिया से ग्रहण किया। कुदेशिया के सेवानिवृत्त होने के उपरांत यह दायित्व सिंह को सौंपा गया। पी.के. सिंह उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जनपद के निवासी हैं। उन्होंने 1990 में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक तथा 1992 में थर्मल इंजीनियरिंग में परास्नातक की उपाधि प्राप्त की। वर्ष 1995 में उन्होंने इफ्फ्को फुलपुर इकाई में ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के रूप में अपनी सेवाएँ प्रारम्भ कीं।अपने कार्यकाल के दौरान सिंह ने फुलपुर- द्वितीय



विस्तार परियोजना, ई.एस.पी. एवं क्षमता वृद्धि परियोजनाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त उन्हें ओमान इंडिया फर्टिलाइजर कंपनी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने का अनुभव भी प्राप्त हुआ।कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व वे इफ्फ्को फुलपुर इकाई के रखरखाव विभाग का नेतृत्व कर रहे थे। मैकेनिकल मेंटेनेंस के विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए उन्होंने संगठन को सशक्त योगदान दिया है। सिंह अपनी ईमानदारी,सहज व्यक्तित्व और उत्कृष्ट तकनीकी दक्षता के लिए जाने जाते हैं। कर्मचारियों में उनकी सर्वमान्य स्वीकार्यता उन्हें अपने कर्तव्यों के सफल निर्वहन में सहयोग करती है। इफ्फ्को परिवार को पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में फुलपुर इकाई निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगी।

## काली स्वांग शोभा यात्रा में उमड़ी भक्तों की भीड़

संवाददाता, प्रयागराज। शहर जॉनसेनगंज इलाहाबाद यूथ क्लब के द्वारा मां काली स्वांग शोभा यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाला गया ध्वज पताका और तिरंगा एक साथ चल रहा था यह परंपरा पांच वर्षों से लगातार चल रही है और नवरात्रि के दौरान विशेष महत्व रखती है शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सड़कों पर मां काली के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। शोभा यात्रा मां काली के आरती के साथ शुरू हुआ उसके बाद मां काली के रूद्र रूप को दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया गया। शोभा यात्रा डाबर गली जॉनसेनगंज से शुरू होकर चौक घंटाघर तक पहुंची कलाकार हाथ में खप्पर और भुजाली लेकर रुद्रा नृत्य करते हुए आगे बढ़े श्रद्धालु जगह-जगह स्वागत करके और आशीर्वाद प्राप्त कर रहे थे। भक्तजन लगातार जयकारे लगा रहे थे। उपस्थित सदस्यों में पंडित दिगंबर नाथ त्रिपाठी,गौरी शंकर वर्मा, आदित्य राठौर, आयुष वर्मा,आर्यन राठौड़, प्रतीक चक्रवर्ती, सौरभ श्रीवास्तव, शुभम राठौर, विजय चौरसिया अकरम शगुन, भरत कनौजिया हजारों श्रद्धालु काली स्वांग में शामिल हुए। कोतवाली क्षेत्र के एसीपी रवि कुमार गुप्ता कोतवाली इंचार्ज संजय राय शाहगंज थाना इंचार्ज कपिल कुमार चहल बादशाही मंडी चौकी प्रमोद कुमार समस्त थानेऔर चौकी के नौजवान पूरी तरह सुरक्षा के मे मुस्तैद थे। पीस कमेटी के अब्दुल अजीम चांद मियां सिविल डिफेंस के मोहम्मद आमिर मोहम्मद ताहिर डाबर भाई आदि शामिल हुए।

## जमानत पर रिहा होने पर दोस्तों ने निकाला जुलूस, बनाई-रील, पकड़े गए तो मांगी कान पकड़कर माफी

संवाददाता, वाराणसी। वाराणसी में हत्या के प्रयास मामले में जिला जेल सजा काट रहे अभियुक्त यश प्रताप सिंह को 29 सितंबर को जमानत मिली थी। उसकी रिहाई के समय रात 9 बजे जिला जेल पर पहुंचे युवाओं ने विजय जुलूस निकाला और यश का फूल-माला से स्वागत किया। उसकी रील बनाकर सोशल मीडिया पर डाली और लिखा श्नरक से मुक्ति मिली। जुलूस निकालने पर पुलिस एक्टिव हुई। इस मामले में 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। इसमें यश प्रताप भी शामिल है। फिलहाल पकड़े गए चारों आरोपी पुलिस के सामने कान पकड़कर माफी मांगते दिखाई दिए। पुलिस सभी को संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है। लालपुर-पांडेयपुर थाने पर 30 जुलाई 2025 को अभिनव सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें उन्होंने सनराइज स्कूल, मढ़वा के पास पुराने रंजिश में मारपीट और फायरिंग करने का मामला दर्ज कराया था। इसमें यश सिंह राजपूत, प्रभांशु सिंह, रवि सोनकर और एक अज्ञात के खिलाफगैर इरादतन हत्या और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। इन्ही में से एक अभियुक्त यश प्रताप सिंह जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उसे न्यायालय से 29 सितंबर को जमानत मिली थी। उसी दिन रात में लगभग 9 बजे वह जिला जेल से रिहा हुआ था। एसएचओ ने बताया इस दौरान एसआई कोमल कुमार को सूचना मिली थी। यश प्रताप सिंह के जेल से छूटने पर उसे लेने 20 से 25 लड़के बाइकों से जेल पहुंचे थे। इसके बाद लापरवाही से बाइक चलाते हुए निकले जिससे जाम की स्थिति बन गई थी। यह जुलूस तेज गति में जिला जेल से भक्ति नगर थाना लालपुर-पांडेयपुर तक निकाला गया। इस दौरान पुलिस विभाग के खिलाफअमर्यादित टिप्पणी और नारेबाजी की गई।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर संगोष्ठी

संवाददाता, वाराणसी। बड़ागांव क्षेत्र के खटौरा गांव में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर एक संगोष्ठी और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मेरा युवा भारत वाराणसी (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिलामंत्री संजय राजभर ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षण और सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने के लिए हर साल 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जाता है। उच्च न्यायालय के अधिवक्ता और मुख्य वक्ता चंदेश्वर नारायण सिंह ने बताया कि बुजुर्ग परिवार और समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने जीवन भर अपना योगदान दिया है और उनके पास अनुभवों का खजाना है। सिंह ने जोर दिया कि बुजुर्गों के स्वास्थ्य, खुशी और सम्मान का पूरा ध्यान रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। ग्राम प्रधान राजमणि गोंड ने सभी वक्ताओं से अपने परिवार और समाज के बुजुर्गों के प्रति आदर, सहयोग और संवेदनशीलता बनाए रखने का आह्वान किया। समारोह में उपस्थित बुजुर्गजनों को गमछा और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। क्षेत्र पंचायत सदस्य नागेश्वर सिंह और यूथ क्लब अध्यक्ष बिंजेश्वर सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी बुजुर्गों को सम्मानित कर आत्मीयता और स्नेह का प्रदर्शन किया।

## कमरौली थाने में खुला आधुनिक शिशु क्रेच, महिला पुलिसकर्मियों के बच्चों को मिलेगी बेहतर सुविधा

संवाददाता, अमेठी। कमरौली थाने में महिला पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए एक आधुनिक शिशु क्रेच (शिशुगृह) का उद्घाटन किया गया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन और इंडोरामा के सहयोग से मिशन शक्ति-5.0 अभियान के तहत इसका लोकार्पण किया गया। इस क्रेच का मुख्य उद्देश्य महिला पुलिसकर्मियों के बच्चों को सुरक्षित और सहायक माहौल प्रदान करना है। इससे महिला पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और आत्मविश्वास के साथ कर सकेंगी। यह शिशुगृह बच्चों की देखभाल, शिक्षा, पोषण और खेल-कूद की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। शिशुगृह में बच्चों की आयु के अनुसार आधुनिक संसाधन, शैक्षणिक सामग्री, खेल उपकरण और मनोरंजन के साधन उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। यह पहल महिला पुलिसकर्मियों की पारिवारिक जिम्मेदारियों को कम करने के साथ-साथ उन्हें पेशेवर कर्तव्यों में अधिक दक्षता से कार्य करने के लिए प्रेरित करेगी। पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि यह क्रेच न केवल बच्चों की उचित देखभाल का केंद्र बनेगा, बल्कि महिला पुलिसकर्मियों में आत्मविश्वास भी बढ़ाएगा। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित बच्चों को उपहार भी प्रदान किए। मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में महिला पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए यह क्रेच एक उपयोगी और प्रेरणादायक पहल साबित होगा।

# रोजगार और सामाजिक न्याय के लिए आप निकालेगी पदयात्रा : संजय सिंह

❑ संगम से सरयू तक पदयात्रा, जनता को जगाने का अभियान : संजय सिंह

संवाददाता

प्रयागराज। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बुधवार को प्रयागराज में प्रेस वार्ता कर आम आदमी पार्टी की आगामी पदयात्रा की घोषणा की। उन्होंने बताया कि पार्टी 31 अक्टूबर से 15 नवंबर 2025 तक श्रोजगार दो, सामाजिक न्याय दोष् के मुद्दे पर संगम (प्रयागराज) से सरयू (अयोध्या) तक पदयात्रा निकालेगी।इस पदयात्रा की अध्यक्षता निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह करेंगे,जबकि दिनेश सिंह पटेल,जनक दुबे,पवन तिवारी, अंजनी कुमार मिश्रा,सर्वेश यादव और सुनील पांडेय सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे।प्रयागराज के केशरी भवन में पदयात्रा की तैयारी बैठक के बाद संजय सिंह ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा सरकार तमाम सामाजिक मुद्दों पर पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा, जनता के असली मुद्दे बिजली, पानी,शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से ध्यान भटकाने का काम भाजपा कर रही है। लेकिन जनता अब जाग चुकी है और आगामी पंचायत चुनाव में सरकार को सबक सिखाएगी।संजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराध बेलगाम हैं और महिला सुरक्षा ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने



आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लोकतंत्र को दबाने का काम कर रही है और देश के सम्मानित वैज्ञानिक व शिक्षाविद सोनम वांगचुक जैसे लोगों को जेल भेजकर तानाशाही रवैया अपना रही है।आप सांसद ने कहा कि आम आदमी पार्टी की पदयात्रा जनता को जागरूक करने का काम करेगी और लोगों को यह बताएगी कि भाजपा सरकार ने किस तरह असली मुद्दों से ध्यान भटकाकर जनता को धोखा दिया है।

## युवक की मौत, रेलवे ट्रैक पर मिला शव

संवाददाता, वाराणसी। पिण्डरा ब्लाक के अहरक रेलवे लाइन पर एक अज्ञात युवक का शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और उसकी शिनाख्त के प्रयास कर रही है। घटना बुधवार की सुबह करीब 1.30 बजे सामने आई। अहरक रेलवे क्रॉसिंग के पास पिलर संख्या 787/22 और 787/24 के बीच रेलवे ट्रैक के बगल में शव पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा। मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है, हालांकि उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। शव को शिवपुर स्थित मॉर्च्युरी हाउस भेजा गया है। बड़ागांव थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अतुल कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे पुलिस से सूचना मिलते ही बड़ागांव थाने की टीम घटनास्थल पर पहुंची। शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

# पति ने की पत्नी की हत्या, हसियां से काटा गला, फिर लाश के पास बैठा रहा

संवाददाता

आगरा। आगरा में एक किसान ने पत्नी की गला काटकर हत्या कर दी। इसके बाद वो लाश के पास बैठ गया। पति वने हसिया से गला काटा है। घर के अन्य सदस्य जब आए, तो घटना की जानकारी हो सकी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है। घटना थाना पिनाहट क्षेत्र के गांव झोरियां की है। झोरियां में कलूटा अपनी पत्नी उर्मिला के साथ रहता है। दोनों की शादी 18 साल पहले हुई थी। इन दोनों के 6 बच्चे हैं, जिनमें 3 लड़कियां, 3 लड़के हैं। सभी की उम्र 15 साल से कम है। आज पति कलूटा अपनी पत्नी उर्मिला के साथ खेत से बाजरा काटने के बाद घर पहुंचे थे। घर आने के बाद दोनों में कुछ विवाद हुआ। इसके बाद कमरे में कलूटा ने हंसिए से पत्नी का गला काट दिया। गला काटने के बाद लाश के पास बैठा रहा। इसके बाद घर से निकल गया। गांव में घूमने लगा। घर पर जब बच्चों को इसकी जानकारी हुई तो पड़ोसियों को बताया। परिवार के अन्य लोग जब घर पर आए, तो महिला की खून से सनी लाश देख होश उड़ गए। सूचना मिलते ही थाना पिनाहट पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर लेने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। गांव के लोगों ने बताया कि आरोपी पति मानसिक रूप से बीमार है। उसका इलाज भी चल रहा है। मृतका के देवर ने बताया पूरा परिवार खेत में बाजरे की फसल काटने गया था। इतने में घर से एक बच्चा गणेश खेत पर भागते हुए आया और उसने जानकारी दी कि घर में खून हो गया है। पूरा परिवार भागते हुए घर पहुंचा तो देखा कि कमरे में महिला का शव पड़ा हुआ था।

# विभिन्न कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए विधायक दीपक पटेल

संवाददाता

प्रयागराज। जगदेवपुर, बरेठी, सहसों स्थित शिवप्रभा सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर विधायक फूलपुर दीपक पटेल ने विद्यालय परिवार और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।इस अवसर पर विधायक दीपक पटेल ने विद्यालय परिसर में एक नए भवन निर्माण का वादा भी किया और कुछ सम्मानित लोगों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया तथा सहसों में विधायक फूलपुर दीपक पटेल ने निर्मला देवी सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित शिल्प मेले का बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर उद्घाटन किया। डा. सुभाष पाण्डेय,गामा दुबे पत्रकार, क्रांतिगुरु गणेश वल्लभ,धनंजय शाश्वत, थानापुर ग्रामप्रधान विजय लक्ष्मी सिंह,अरुण मिश्रा उर्फपिंटू नेता कपिल पटेल विरु सिंह,विनय त्रिपाठी,प्रबंधक विवेक कुमार सिंह प्रधानाचार्य शेर बहादुर सिंह प्रबंधक




सीताराम सिंह इंटर कॉलेज बाबूगंज विजय कुमार सिंह, विरु सिंह,विनय त्रिपाठी,पवन पाण्डेय उमेश तिवारी सहित विद्यालय के सभी सम्मानित अध्यापकगण, छात्र-छात्राएँ एवं अभिभावक उपस्थित रहे इसी प्रकार विधायक दीपक पटेल ने उमरी मय टाटीहरा, बाबूगंज में आयोजित नव दुर्गा पूजा में सम्मिलित होकर माँ माँ दुर्गा जी से प्रार्थना है कि सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं स्वास्थ्य का वास हो जिसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटवा में चल रहे स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के समापन पर विधायक फूलपुर दीपक पटेल शामिल हुए थानापुर ग्रामप्रधान विजय लक्ष्मी सिंह अरुण मिश्रा उर्फ पिंटू नेता कपिल पटेल विरु सिंह विनय त्रिपाठी राजू तिवारी, आशीष गिरी मानवेंद्र सिंह जेलर अखंड प्रताप सिंह अधीक्षक डॉ. मनीष मौर्य,भूपेन्द्र पांडेय,उमेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीण बैंक के सहायक प्रबंधक सेवानिवृत्त, फुन्दनपुर शाखा में विदाई समारोह

संवाददाता, अमेठी। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की फुन्दनपुर शाखा में सहायक प्रबंधक शिवकुमार लाल निगम को उनकी सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। अमेठी के न्याय पंचायत बाहरपुर क्षेत्र में आयोजित इस समारोह में निगम की लगभग 39 वर्षों की सेवा को सराहा गया। उन्होंने 21 जनवरी 1986 से 30 सितंबर 2025 तक बैंक में अपनी सेवाएं दीं। इस अवसर पर स्थानीय लोग, क्षेत्र के निवासी और बैंक के वरिष्ठ ग्राहक उपस्थित थे। शाखा प्रबंधक तिलोक सिंह ने शिवकुमार लाल निगम की कार्यकुशलता और ग्राहकों को संतुष्ट करने की उनकी क्षमता की सराहना की। उन्होंने निगम के कार्यों को प्रशंसनीय बताया। शाखा प्रबंधक तिलोक सिंह के साथ, पूजा मेडिकल स्टोर के संचालक संजय कुमार शुक्ला, अफसर अली, निर्मल कुमार तिवारी, सुनील कुमार तिवारी और बैंक स्टाफने शिवकुमार लाल निगम को उपहार भेंट किए। सभी उपस्थित लोगों ने उनके आगामी जीवन के लिए मंगल कामनाएं कीं।

# दशहरा-विसर्जन पर पुलिस अलर्ट, 82 विसर्जन स्थलय चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात

संवाददाता

अमेठी। दशहरा और विसर्जन को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। जिलाधिकारी संजय चौहान और पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने अधिकारियों के साथ बैठक कर त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए विशेष रणनीति बनाई है। इस दौरान दुर्गा पूजा पंडालों, विसर्जन स्थलों और दशहरा मेले में व्यापक स्तर पर पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि जिले में 1450 दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, जिनके विसर्जन के लिए 82 स्थान निर्धारित किए गए हैं। इनमें कुछ स्थानों पर बड़ी संख्या में विसर्जन होता है। इसके अतिरिक्त, जिले में 31 स्थानों पर शोभायात्राएं भी निकाली जाएंगी। इन सभी आयोजनों को देखते हुए अमेठी पुलिस ने बड़े पैमाने पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की है। प्रमुख विसर्जन घाटों जैसे आम घाट, इसौली और राम घाट पर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इन स्थानों पर गोताखोरों की तैनाती के साथ-साथ बैरिकेडिंग की व्यवस्था भी की गई है ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। एसपी ने बताया कि सूर्यास्त के बाद से क्षेत्र में डायल 112 की सभी गाड़ियां लगातार भ्रमणशील हैं। इन गाड़ियों को सिग्नल लाइट और सायरन बजाते हुए पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। रात के समय ऐसे अभियान चलाए जा रहे हैं। जिले में प्रत्येक दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों के मोबाइल नंबर भी एकत्रित किए गए हैं और उन्हें 24 घंटे पंडाल पर एक सदस्य की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। दुर्गा पंडालों पर आरती के दौरान भी पुलिस की पेट्रोलिंग जारी है। इसके अलावा, जिन स्थानों पर रामलीला का मंचन हो रहा है, वहां भी पुलिस की मुस्तैदी बनी हुई है ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे।

CMYK

# 100 से अधिक देशों के भारतीय डायस्पोरा विकसित भारत रन में हुए शामिल

शाश्वत तिवारी

नई दिल्ली। देशभर में चल रहे सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर दृ 2 अक्टूबर) के अंतर्गत 28 सितंबर को 100 से अधिक देशों में 'विकसित भारत रन' 2025 का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया गया। इस दौड़ का उद्देश्य विदेशों में रहने वाले भारतीयों, स्थानीय समुदायों, छात्रों, पेशेवरों और भारत के मित्रों को एक साथ लाना है, ताकि वे 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहरा सकें। विदेशों में इस पहल को सफ्ल बनाने में भारतीय मिशनों की अहम भूमिका रही, जिन्होंने भारतीय मूल के लोगों को एकजुट किया और विकसित भारत की यात्रा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। विदेश मंत्रालय के सहयोग से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का यह पहला वैश्विक संस्करण था, जिसका उद्देश्य राष्ट्र निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास को प्रेरित करना है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया रन टू सर्व द नेशन टैगलाइन के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में विश्व के प्रतिष्ठित एवं सुगम स्थलों पर आयोजित 3-5 किलोमीटर की सामुदायिक दौड़ में लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। मेलबर्न, पर्थ, रियाद, रोम, सियोल, सिडनी, लंदन, मास्को, टोक्यो, बैंकॉक, बीजिंग, भूटान, तंजानिया, स्विट्जरलैंड बेरूत, बिश्केक, ब्रुनेई, दोहा, गाले, नैरोबी, कुआलालंपुर, लजुब्लजाना और मांडले जैसे विभिन्न शहरों में दौड़ आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के एक भाग के रूप में प्रतिभागियों ने विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत की शपथ ली और भारत की विकास यात्रा के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त की। वे 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण अभियान में भी शामिल हुए, जिससे व्यक्तिगत जिम्मेदारी एवं पर्यावरणीय स्थिरता के बीच संबंध की दृढ़ता का संदेश मिला। प्रतिभागियों का 'माई भारत' पोर्टल से जुड़ाव दिखा, जो स्वयंसेवा के अवसर, अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम और युवा-केंद्रित पहल प्रदान करता है। इन कार्यक्रमों ने प्रवासी भारतीयों, भारतीय मूल के लोगों एवं स्थानीय समुदायों के बीच जुड़ाव के लिए एक जीवंत मंच भी प्रदान किया। भारतीय मिशनों ने व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सामुदायिक समूहों, सांस्कृतिक संगठनों एवं स्थानीय निकायों के साथ सहयोग किया। इस रन में मेक्सिको सिटी का इंडिपेंडेंस मेमोरियल, सूरीनाम के पैरामारिबो में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल, सैन फ्रांसिस्को का गोल्डन गेट ब्रिज और दुनिया भर के कई अन्य प्रसिद्ध स्थल शामिल रहे। अन्य कई देशों की तरह ही आइसलैंड में भारतीय राजदूत आर. रविंद्र ने भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित किया और उन्हें विकसित भारत की शपथ दिलाई। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक बयान में आइसलैंड में भारतीय दूतावास ने कहा विकसित भारत की ओर, भारतीय दूतावास, रेक्जाविक ने 'विकसित भारत रन' आयोजित किया, ताकि प्रवासी भारतीयों को आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया जा सके।




# इजरायल की खैर नहीं, हूती लगा रहे हथियारों की फैक्ट्री

(एजेंसी)

यमन के हूती विद्रोहियों ने 22 सितंबर को इजरायल पर हमला करके सभी को चौंका दिया था। इस हमले में हाइपरसोनिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया था जो मल्टीपलवॉरहेड के साथ इजरायल पर बरसी। तस्वीरों में साफ नजर आया कि कैसे मिसाइलें अलग अलग हिस्सों में बंटकर हमला कर रही थी। इस दौरान इजरायल के कोने कोने में सायरन की तेज आवाजें सुनाई दे रही थी। नागरिक आनन फानन में शेल्टरों में भागते नजर आए। इस हमले में 2 लोग मारे गए और 48 लोग घायल हुए। यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोही गाजा में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए नियमित रूप से इजराइल पर ड्रोन और मिसाइलें दागते रहते हैं। हूती के हमले के बाद इजराइल ने जवाबी हमला किया। यमन के हूती-नियंत्रित उत्तरी हिस्से के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मृतकों में चार बच्चे, दो महिलाएं और तीन वृद्ध शामिल हैं। अधिकारियों ने यह भी बताया कि घायलों में 59 बच्चे, 35 महिलाएं और 80 वृद्ध शामिल हैं। इस बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है जिसने इजरायली सेना की नींद उड़ा दी है। खबर है कि यमन के हूती विद्रोही अब केवल छुपकर हमले नहीं कर रहे हैं बल्कि छुपकर हथियारों की फैक्ट्री खड़ी कर रहे हैं। लंबी रेंज की मिसाइलें और खतरनाक ड्रोन्स भी तैयार कर चुके हैं। हालिया हमलों ने इजरायल की चिंता बढ़ा दी है। इजरायल ने कुछ दिन पहले ऑपरेशन मूविंग पैकेज के तहत सना पर जबरदस्त स्ट्राइक की। इसमें 65 से ज्यादा बम गिराए गए और हूती कमांड सेंटर व हथियारों के गोदाम ध्वस्त किए गए। ये हमला हूतियों के हमलों के जवाब में किया गया था। इजराइली सेना ने कहा कि उसने यमन में हमले किए हैं, जिसमें दर्जनों विमानों ने हूती सैन्य कमान मुख्यालयों, सैन्य शिविरों और सुरक्षा एवं खुफ्यिा सुविधाओं को निशाना बनाया। हूती प्रवक्ता उमर अल-बेखेती ने कहा कि इजराइली हमलों ने आवासीय इलाकों और बिजली संयंत्रों को निशाना बनाया। उन्होंने दावा किया कि हूती विद्रोहियों की रक्षा प्रणालियों ने काफी हद तक हमले को विफ्ल कर दिया।

# ऑपरेशन सिंदूर थीम वाले पंडाल को नोटिस, अमित शाह ने किया था उद्घाटन

शाश्वत तिवारी




कोलकाता। कोलकाता पुलिस ने महानगर के प्रसिद्ध दुर्गापूजा आयोजक संतोष मित्रा स्क्वायर के पूजा पंडाल में रोशनी व साउंड की व्यवस्था करने वाली संस्था को नोटिस भेजा है। एक दिन पहले ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस पूजा पंडाल का उद्घाटन किया था। पूजा कमेटी ने ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर अपना पंडाल बनाया है। इस पूजा के आयोजक भाजपा पार्षद सजल घोष हैं। पुलिस ने पंडाल में प्रकाश व साउंड की व्यवस्था करने वाली राजस्थान की संस्था एके प्रोजेक्टिंग से लाइसेंस व वहां लेजर शो की अनुमति संबंधित दस्तावेज मांगे हैं। साथ ही पूजा आयोजक के साथ समझौता पत्र, जीएसटी व ध्वनि नियंत्रण संबंधी दस्तावेज भी मांगे हैं। नोटिस मुचिपाड़ा थाने की ओर से भेजा गया है। नोटिस में हाई कोर्ट और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेशों का भी जिक्र है। सजल घोष ने इसे साजिश बताया है। उन्होंने कहा पिछले दिनों पुलिस ने मेरे एक विज्ञापनदाता को तीन घंटे तक थाने में बिठाकर रखा। आज उन्होंने बाहर से आकर लाइट और साउंड का काम करने वाली संस्था को नोटिस भेजकर लाइसेंस मांगा है। अगर यही स्थिति रही तो हम पंडाल की बत्तियां बंद कर देंगे। वहीं इस मामले पर तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता अरूप चक्रवर्ती ने कहा कि वे (भाजपा पार्षद) सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। अगर लाइटिंग व साउंड का काम करने वाले के पास लाइसेंस व सारे कागजात सही नहीं हैं तो कोई हादसा होने पर इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? पुलिस और प्रशासन ने पूजा रोकने के लिए नहीं कहा है।

## श्रीलंका में 12 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार

(एजेंसी), उत्तरी श्रीलंका में जाफ्ना के निकट रविवार को कम से कम 12 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनकी नौका को जब्त कर लिया गया। नौसेना ने यहां यह जानकारी दी। उत्तरी नौसेना कमान द्वारा श्रीलंका तटरक्षक बल के समन्वय से यह अभियान चलाया गया। नौसेना ने एक बयान में कहा, ''28 सितंबर, 2025 की तड़के श्रीलंकाई नौसेना ने भारतीय मछली पकड़ने वाली एक नाव जब्त की और 12 भारतीय मछुआरों को उस दौरान गिरफ्तार किया, जब वे जाफ्ना में डेल्फ्ट द्वीप के निकट श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से शिकार कर रहे थे।'' इसने कहा कि भारतीय नौकाओं के समूह को ''अवैध रूप से मछली पकड़ते हुए और श्रीलंकाई जल क्षेत्र में अतिक्रमण करते हुए'' देखा गया। बयान के अनुसार, जब्त की गई नाव और मछुआरों को कंकासंथुरेई बंदरगाह लाया गया और कानूनी कार्रवाई के लिए मैलाडी के मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया गया।

# गाजा में दनादन हमले, संयुक्त राष्ट्र में युद्धविराम का राग, बढ़ते दबाव के बीच नेतन्याहू करेंगे ट्रंप से बात

(एजेंसी)

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ व्हाइट हाउस में बैठक की पूर्व संध्या पर, इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संकेत दिया कि इजराइल वाशिंगटन के साथ युद्धविराम प्रस्ताव पर काम कर रहा है। हालाँकि उन्होंने जोर देकर कहा कि अभी इस पर कोई निर्णय नहीं हुआ है। नेतन्याहू ने फॉक्स न्यूज से कहा कि हम इस पर काम कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि अभी तक इसे अंतिम रूप नहीं दिया गया है, लेकिन हम राष्ट्रपति ट्रंप की टीम के साथ काम कर रहे हैं, और मुझे उम्मीद है कि हम इसे आगे बढ़ा पाएँगे। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब इजराइल पर गाजा में युद्ध समाप्त करने का दबाव बढ़ रहा है, जहाँ स्थानीय स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि मरने वालों की संख्या अब 66,000 से ज्यादा हो गई है। हमास द्वारा संचालित मंत्रालय आम नागरिकों और चरमपंथियों में अंतर नहीं करता, लेकिन उसका कहना है कि मरने वालों में लगभग आधी संख्या महिलाओं और बच्चों की है - ये आँकड़े संयुक्त राष्ट्र और स्वतंत्र निगरानीकर्ताओं द्वारा व्यापक रूप से विश्वसनीय माने जाते हैं। योजना की जानकारी प्राप्त करने वाले अरब अधिकारियों का कहना है कि 21-सूत्रीय प्रस्ताव में तत्काल युद्धविराम, 48 घंटों के भीतर सभी बंधकों की रिहाई और गाजा से इजराइली सैनिकों की चरणबद्ध वापसी का आह्वान किया गया है। उम्मीद है कि ट्रम्प नेतन्याहू के साथ बैठक में इस योजना पर चर्चा करेंगे। यह प्रस्ताव अभी भी अस्थिर है। अरब राजनयिकों का कहना है कि इसमें संशोधन की संभावना है, लेकिन इसे न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में क्षेत्रीय नेताओं के बीच पहले ही प्रसारित किया जा चुका है। हमास का कहना है कि उसे अनौपचारिक रूप से जानकारी दी गई है। मध्यस्थों ने औपचारिक रूप से उससे संपर्क नहीं किया है। हमास के एक अधिकारी ने कहा कि समूह ष्किसी भी प्रस्ताव का सकारात्मक और जिम्मेदारी से अध्ययनष् करने के लिए तैयार है, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि उसने पहले भी इजराइल की पूर्ण वापसी के बदले बंधकों को रिहा करने की पेशकश की थी। नेतन्याहू लगातार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि इजराइल हमास के खात्मे तक लड़ता रहेगा। फ्रि भी उन्होंने रविवार को एक सशर्त प्रस्ताव दोहरायारू अगर हमास लड़ाके युद्ध समाप्त कर दें और सभी बंधकों को रिहा कर दें, तो वे गाजा छोड़ सकते हैं।



# चीन ने दी भारत को Veto पावर

## हैरान रह गए अमेरिका-पाकिस्तान

(एजेंसी)



इस बार संयुक्त राष्ट्र में हुआ सम्मेलन भारत के लिए बहुत खास रहा। इस बार सम्मेलन में हर तरफ भारत के ही चर्चे थे। कोई भारत की तेल खरीदारी को लेकर चिंता जाहिर कर रहा था। भारत की बढ़ती ताकत के लिए जमकर सराहना कर रहे थे। खास बात ये कि इस बार के सम्मेलन में भारत और चीन एक दूसरे के बहुत करीब आ गए। इतने करीब की चीन अब भारत को संयुक्त राष्ट्र में बदलावों को लेकर खुला समर्थन देने लगा है। भारत लंबे वक्त से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलावों की मांग कर रहा है। लेकिन हर बार भारत की इस मांग मं अड़ंगा लगाने वाला चीन बनता आया है। लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। चीन ने तो इस बार भारत को खुला समर्थन दे दिया। भारत जो संयुक्त राष्ट्र में बदलावों की मांग करता आया। अब चीन ने भी खुले तौर पर ऐलान कर दिया है कि वो भारत की इस मांग में उसके साथ खड़ा है। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र से अलग भारत ने एक बड़ी कूटनीतिक जीत हासिल की थी। भारत ने ब्रिक्स देशों के साथ एक ऐतिहासिक बैठक की और इस बैठक की अध्यक्षता करके भारत ने साफ कर दिया कि कैसे अमेरिका की जमीन पर ब्रिक्स देश मजबूत होने की ताकत रखते हैं। यूएन को सीधी चुनौती देने की हिम्मत रखते हैं। इसके बाद ब्रिक्स देशों का ज्वाइंट स्टेटमेंट सामने आया। इस स्टेटमेंट में 2023 जोहान्सबर्ग-प्प् घोषणा-पत्र के तहत ब्रिक्स और विकासशील देशों के समर्थन से परिषद में सुधार और प्रतिनिधित्व बढ़ाने की मांग जोर पकड़ रही है। ब्रिक्स देशों की तरफ से खुले तौर पर एक पत्र जारी किया गया। इस स्टेटमेंट में कुल 20 से ज्यादा प्वाइंट शामिल किए गए। इसमें 14 नंबर वाला प्लाइंट सबसे खास था। 2023 जोहान्सबर्ग-इलोइस घोषणापत्र को मान्यता देते हुए, मंत्रियों ने संयुक्त राष्ट्र में व्यापक सुधार के लिए अपना समर्थन दोहराया, जिसमें इसकी सुरक्षा परिषद भी शामिल है ताकि इसे और अधिक लोकतांत्रिक, प्रतिनिधित्वपूर्ण, प्रभावी और कुशल बनाया जा सके और परिषद की सदस्यता में विकासशील देशों का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जा सके ताकि यह मौजूदा वैश्विक चुनौतियों का पर्याप्त रूप से जवाब दे सके और ब्रिक्स देशों सहित अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के उभरते और विकासशील देशों को अंतर्राष्ट्रीय मामलों में, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र में इसकी सुरक्षा परिषद में अधिक भूमिका निभाने के लिए समर्थन दे सके। मंत्रियों ने एजुलविनी सहमति और सिरते घोषणापत्र में प्रतिबिंबित अफ्रीकी देशों की अनुमानित आकांक्षाओं को मान्यता दी। मंत्रियों ने इस बात पर बल दिया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधार का उद्देश्य वैश्विक दक्षिण की आवाज को बुलंद करना है। 2022 बोइजिंग और 2023 जोहान्सबर्ग-इल नेताओं की घोषणाओं को याद करते हुए, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों के रूप में चीन और रूस ने सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र में अधिक बड़ी भूमिका निभाने के लिए ब्राजील और भारत की आकांक्षाओं के प्रति अपना समर्थन दोहराया।

# ड्रोन से बीच समुंदर उड़ाया जहाज, इजरायल का पाकिस्तान पर पहला तगड़ा हमला, भारत भी चौंक गया

(एजेंसी)

पूरी दुनिया की नजरें एक बार फिर खाड़ी क्षेत्र पर आकर टिक गई है। यहां इस बार निशाने पर पाकिस्तान आया है। इजरायल और फिलिस्तीन के बीच छिड़ी जंग के बीच अब इसकी जद में पाकिस्तान आ चुका है। इजरायल के ड्रोन हमले में पाकिस्तान के जहाज को बड़ा नुकसान हुआ है। इस बात की जानकारी खुद पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने दी है। मोहसिन नकवी ने बताया कि किस तरह से पाकिस्तानी जहाज को इजरायली ड्रोन ने निशाना बनाया है। मोहसिन नकवी ने इजरायल पर सनसनीखेज आरोप लगाए। उनका दावा है कि पाकिस्तान क्रूज से भरे एलपीजी टैंकर पर इजरायली ड्रोन ने जबरदस्त हमला किया है। पाकिस्तान के ये जहाज यमन के रास अल इशा पोर्ट पर खड़ा था। तभी इस पाकिस्तान जहाज पर इजरायली ड्रोन टूट पड़े। पाकिस्तान पर ये इजरायल का पहला और अनोखा हमला है। मजे की बात देखिए कि कुछ दिन पहले ही पाकिस्तान ने सऊदी अरब के साथ एक डिफेंस डील की थी। जिसके तहत एक देश पर हमला दूसरे देश पर भी हमला माना जाएगा। लेकिन यहां पर इजरायल ने अपने हमले में एक ऐसा खेल कर दिया, जिसके बाद अब तो सऊदी अरब भी इजरायल के इस हमले की तारीफ करने पर मजबूर हो जाएगा। पाकिस्तान के जिस जहाज पर हमला हुआ है वो यमन के पोर्ट पर खड़ा था। इस जहाज पर 27 लोगों का दल सवार था। जिसमें से 24 पाकिस्तानी थे और दो श्रीलंकाई और एक नेपाल का नागरिक शामिल था। इजरायल ने हूति आतंकियों पर हमला करने के दौरान पाकिस्तान के इस जहाज पर भी ड्रोन अटैक कर दिया। इजरायल के इस हमले के बाद पाकिस्तान के जहाज में आग लग गई। हालांकि इस आग को बुझा दिया गया और पाकिस्तान ने बयान जारी किया कि हमारा जहाज अब सुरक्षित है और वो पाकिस्तान के लिए निकल चुका है। लेकिन पाकिस्तान के जहाज पर लिमिटेड स्ट्राइक करके इजरायल ने अपनी मंशा बता दी है। शहबाज शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र में खड़े होकर गाजा की खूब तारीफ कर रहे थे। इजरायल को भला बुरा कर रहे थे। ऐसे में पाकिस्तान को इजरायल ने भी तोहफा दे दिया है। इजरायल ने जानबूझकर पाकिस्तान के उसी जहाज को निशाना बनाया जिसमें एलपीजी गैस भरी थी ताकी पाकिस्तान की ऊर्जा आपूर्ति पर ही हमला किया जाए। आपको याद होगा कि हाल ही में पाकिस्तान और सऊदी के बीच एक डिफेंस डील हुई थी। वही डील जिसमें हम पर हमला मतलब तुमपर हमला और तुमपर हमला मतलब हमपर हमला माना जाएगा। लेकिन इजरायली ड्रोन ने पाकिस्तानी जहाज को ऐसे जगह पर ठोका है जहां पर पहले से ही सऊदी अरब का दुश्मन बैठा है। इजरायल ने सऊदी अरब पर हमला करने वाले हूति विद्रोहियों को ठोका और उसी दौरान पाकिस्तानी जहाज को भी उड़ा दिया। ऐसे में अब सऊदी अरब किस मुंह से इजरायल की निंदा करेगा।

# रुपया शुरुआती कारोबार में तीन पैसे की बढ़त के साथ 88.69 प्रति डॉलर पर

(एजेंसी)

एशियाई मुद्राओं के सकारात्मक रुख और विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा के कमजोर होने से रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में तीन पैसे की बढ़त के साथ 88.69 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपया सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है क्योंकि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के कारण इस पर दबाव कायम है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.69 पर खुला जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को 88.72 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इससे पहले बृहस्पतिवार को घरेलू मुद्रा 88.76 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गई थी। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.94 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 255.46 अंक चढ़कर 80,681.92 अंक पर और निफ्टी 89.05 अंक की बढ़त के साथ 24,743.75 अंक पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 69.72 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफ्आईआई) शुक्रवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 5,687.58 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# हर उत्पाद में भारतीय कामगारों का खून

## पीयूष गोयल ने स्वदेशी अपनाने पर दिया जोर


### अमेरिका समेत कई देशों के साथ एफटीए पर बातचीत जारी : गोयल

(एजेंसी)



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), महिला उद्यमियों, स्वदेशी उत्पादों और निर्यातोन्मुखी इकाइयों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया है। इस आयोजन को ष्वोकल फॉर लोकल और लोकल गोज ग्लोबल का एक सच्चा संगम बताते हुए, उन्होंने सभी हितधारकों से स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के लिए प्रतिबद्ध होने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि जीएसटी का लाभ सीधे उपभोक्ताओं तक पहुँचे, जिससे सभी के लिए समावेशी विकास को बढ़ावा मिले, जैसा कि एक सरकारी विज्ञप्ति में बताया गया है। सोमवार को उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के समापन सत्र को संबोधित करते हुए, गोयल ने कहा कि राज्य ने खादी, कपास और कुटीर उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है। उन्होंने एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल की भूमिका पर जोर दिया, जो अब देश भर के 750 से ज्यादा जिलों तक पहुँच चुकी है। उन्होंने आगे बताया कि ओडीओपी के तहत 1200 से ज्यादा उत्पादों पर विशेष ध्यान दिया गया है और केंद्र व राज्य सरकारें इन्हें घरेलू और वैश्विक बाजारों में बढ़ावा देने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। मंत्री महोदय ने बताया कि ऐसे जिला उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए देश के हर राज्य में यूनिटी मॉल स्थापित किए जाएँगे। ये मॉल राज्य-विशिष्ट और अंतरराज्यीय, दोनों तरह के उत्पादों के लिए एक मंच प्रदान करेंगे, जिससे कारीगरों और उद्यमियों को बेहतर दृश्यता मिलेगी। उत्तर प्रदेश में ऐसे तीन मॉल होंगे लखनऊ, आगरा और वाराणसी में। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के प्रधानमंत्री के आह्वान पर भी जोर देते हुए कहा, ष्हर उत्पाद में भारतीय कामगारों का खून और मेहनत होती है। हालिया जीएसटी सुधारों पर प्रकाश डालते हुए, गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवरात्रि के दौरान देश को एक परिवर्तनकारी सुधार का तोहफा दिया है। उन्होंने कहा, 22 सितंबर इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। मेरा मानना है कि यह आजादी के बाद का सबसे बड़ा सुधार है, जिसका प्रभाव दशकों तक महसूस किया जाएगा। गोयल ने कहा कि ईएफ्टीए देशों (आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड) के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफ्टीए), जिसे मार्च 2024 में अंतिम रूप दिया गया था, 1 अक्टूबर 2025 से लागू होगा। उन्होंने बताया कि विकसित देश भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफ्टीए) पर हस्ताक्षर करने के इच्छुक हैं, जो पहले ही यूएई, ऑस्ट्रेलिया और यूके के साथ ऐसे समझौते कर चुका है। विज्ञप्ति में कहा गया है, ष्भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया है।

### जुबीन गर्ग की याद में गुवाहाटी विश्वविद्यालय का ऐतिहासिक निर्णय, सिंगर के नाम पर रखा कला एवं संस्कृति केंद्र का नाम



फेमस सिंगर जुबीन गर्ग अब इस दुनिया में नहीं रहे। उनकी 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में डूबने से मौत हो गई, जिसने उनके चाहने वालों को हिला कर रख दिया। जुबीन के निधन के बाद अभी तक भी उनके फैंस, करीबी और कई बड़ी हस्तियां उन्हें श्रद्धांजलि देती नजर आ रही हैं। वहीं, हाल ही में गुवाहाटी विश्वविद्यालय ने अपने प्रदर्शन कला और संस्कृति केंद्र का नाम अब सिंगर जुबीन गर्ग के नाम पर रखने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा, लोकप्रिय गायक और युवाओं के प्रेरक जुबिन गर्ग को श्रद्धांजलि देने तथा उनकी अमर रचनाओं को संरक्षित करने के लिए, विश्वविद्यालय ने चार प्रमुख प्रस्तावों को स्वीकार किया है।उनके निधन के बाद विश्वविद्यालय ने अपने प्रदर्शन कला और संस्कृति केंद्र का नाम जुबीन गर्ग के नाम पर रखने का फैसला लिया है, ताकि उनके योगदान को हमेशा याद रखा जा सके। गायक की याद में केंद्र के सामने उनकी प्रतिमा स्थापित की जाएगी और उनके जीवन तथा संगीत यात्रा पर आधारित एक कॉफी टेबल बुक भी प्रकाशित की जाएगी। युवा कलाकारों को प्रेरित करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय ने यह भी निर्णय लिया है कि उनके अंतर-कॉलेज युवा महोत्सव में गायन प्रतियोगिता में जुबिन गर्ग के गीत नामक एक विशेष श्रेणी जोड़ी जाएगी। इससे छात्रों को जुबिन गर्ग के संगीत और उनके अद्वितीय गायन शैली को करीब से जानने और अनुभव करने का मौका मिलेगा। जुबीन गर्ग ने अपने करियर में सैकड़ों सुपरहिट गानों को आवाज दी है। विशेष रूप से 1998 में रिलीज हुई फिल्म दिल से के संगीत में उनके योगदान को आज भी याद किया जाता है। आईएमडीबी के अनुसार, जुबिन ने अब तक 222 फिल्मों में अपने सुरों और संगीत के जादू से लोगों का दिल जीता है।

>>> बॉलीवुड <<<

# दर्द को कैसे बयां करूं..भगदड़ की घटना पर विजय थलापति का रिएक्शन, मृतकों को 20 लाख तो घायलों 2 लाख का देंगे मुआवजा



मशहूर तमिल एक्टर और तमिलागा वेत्री कझगम पार्टी के अध्यक्ष थलापति विजय ने शनिवार को तमिलनाडु के करूर में एक रैली की, जहां भगदड़ मच गई और इसमें करीब 39 लोगों मारे गए और कइयों के घायल होने की खबर है। इस घटना के सामने आते ही लोगों का दिल दहल गया है। देश के पीएम मोदी से लेकर कई सेलेब्स ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया। वहीं, अब हाल ही में इस घटना पर खुद विजय ने अपना रिएक्शन दिया है और पीड़ितों के लिए मुआवजे का ऐलान भी किया है। थळापति विजय की टीम की तरफसे ऑफिशियल एक्स हैंडल पर एक ट्वीट किया गया, जिसमें लिखा है- मेरे दिल में बसने वाले सभी लोगों को नमस्कार, कल करूर में जो हुआ, उसे सोचकर मेरा दिल और दिमाग बेहद भारी है। इस बेहद दुखद स्थिति में, मैं अपने रिश्तेदारों को खोने के दर्द को कैसे बयां करूं, यह समझ नहीं आ रहा। मेरी आँखें और मन व्यथित और व्यथित हैं। कल (शनिवार) को करूर में जो भीषण हादसा हुआ है, उसके बारे में सोचकर मेरा दिल और दिमाग पर बेहद भारी आघात पहुंचा है। उन्होंने आगे लिखा- इस दुख की खड़ी में, मैं अपने करीबियों का दर्द कैसे बांटू, जिन्होंने अपने को खोया है। इस अनहोनी को लेकर मेरी आंखें नम और मन व्यथित है। आप सभी के चेहरे जिनसे मैं मिला, मेरे जहन में उभर आते हैं। प्यार और स्नेह देने वाले मेरे अपनों के बारे में सोचकर दुख और गहरा जाता है। आगे मुआवजे का ऐलान करते हुए एक्टर ने कहा- ये एक ऐसा नुकसान है, जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती। चाहें कोई भी कितनी सांत्वना दे, हम अपने लोगों के नुकसान को सहन नहीं कर सकते। फिर भी आपके परिवार का एक सदस्य होने के नाते, मैं उन सभी रिश्तेदारों के परिवारों को 20-20 लाख रुपये देना चाहता हूँ जिन्होंने इस भगदड़ में अपनों को खो दिया है और जो पीड़ित हैं, और जो घायल हैं और जिनका इलाज चल रहा है, उन्हें 2-2 लाख रुपये देना चाहता हूँ। मैं जानता हूं कि इस नुकसान के सामने ये बहुत छोटी रकम है। लेकिन इस दुख की घड़ी में आपका अपना होने के चलते में मैं हर पल आपके साथ खड़ा हूं। घायलों के लिए मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे जल्द स्वस्थ हों, वाकई ये दुख सहन करना बेहद असंभव है। तमिलनाडु पुलिस के मुताबिक, थलापति विजय की रैली के लिए 10 हजार लोगों की परमिशन थी। लेकिन, 1 लाख 20 हजार स्क्वायर फीट एरिया में 50 हजार से ज्यादा लोग जमा हो गए। इस दौरान एक्टर 6 घंटे की देरी से पहुंचे। विजय को बताया गया कि 9 साल की एक बच्ची गुम गई थी। उन्होंने मंच से उसे तलाशने की अपील की, जिसके बाद वहां भगदड़ के हालात बन गए।





# आवेज दरबार के निष्कासन पर एल्विश यादव भड़के, बोले- अनुचित फैसला, फैन्स भी सहमत

बिग बॉस 19 के प्रतियोगी आवेज दरबार को सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले इस रियलिटी शो से बाहर हो गए। सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर आवेज के साथ अशनूर कौर, प्रणित मोरे, गौरव खन्ना, मृदुल तिवारी और नीलम गिरी को भी नॉमिनेट किया गया था। दर्शकों के वोटों के बाद, वह अशनूर कौर और प्रणित मोरे के साथ निचले तीन प्रतियोगियों में थे। रियलिटी शो बिग बॉस 19 शुरू से ही प्रशंसकों को मनोरंजक एपिसोड दे रहा है और हालिया वीकेंड का वार भी इससे अलग नहीं था। इस एपिसोड का मुख्य आकर्षण आवेज दरबार का निष्कासन था, जिसने उनके दोस्तों और प्रशंसकों को भावुक कर दिया। बिग बॉस ओटीटी का दूसरा सीजन जीतने वाले एल्विश यादव ने अब आवेज का समर्थन किया है और उनके निष्कासन को अनुचित बताया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर निष्कासन के बारे में बात करते हुए एक वीडियो साझा किया। उन्होंने बताया कि कैसे गौहर खान को आवेज को उनका खेल समझाने के लिए लाया गया था, फिर भी, कुछ ही देर बाद उन्हें शो से बाहर कर दिया गया। फैन्स भी एल्विश से सहमत दिखे और उनके विचार का समर्थन करते हुए कमेंट्स किए। एलविश ने कहा, ष्अभी पता चला कि अवेज शो से बाहर हो गए हैं और मुझे यह बेहद अनुचित लगा। उन्होंने गौहर को सिर्फअवेज को उनके खेल के बारे में समझाने के लिए बुलाया था, है ना? तो फिर वे उन्हें क्यों बेदखल करेंगे? यह बहुत अनुचित है और मुझे यह पसंद नहीं आया। उन्हें उन्हें खेल में और लंबे समय तक रहने देना चाहिए था।ष् एल्विश द्वारा इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करने के तुरंत बाद, फैन्स और इंडस्ट्री के कई लोगों ने उनसे सहमति जताई और अपनी निराशा व्यक्त की। जहाँ कई लोगों ने निष्कासन को अनुचित बताया, वहीं कुछ ने तर्क दिया कि शो में अवेज का खेल कमजोर था। अवेज दरबार के बारे में अवेज के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर काफी अच्छी संख्या में फॉलोअर्स हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 20.4 मिलियन से ज्यादा और यूट्यूब पर 12.6 मिलियन सब्सक्राइबर हैं। अवेज संगीतकार इस्माइल दरबार के बेटे और गौहर खान के देवर हैं। वह उनके पति जैद दरबार के भाई हैं। उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड नगमा मिराजकर के साथ बिग बॉस के घर में एंट्री की थी। उन्होंने शो के दौरान उनसे शादी का प्रस्ताव भी रखा था। आवेज की भाभी गौहर खान ने उन्हें अपना खेल न सुधारने की चेतावनी दी थी। गौहर के बिग बॉस के घर में आने और उनके प्रदर्शन की सच्चाई बताने के कुछ ही दिनों बाद उनका निष्कासन हुआ है। गौहर ने उनसे कहा, ष्आपका वहां पर क्या हो रहा है, आवेज? अगर आप अपनी लड़ाई नहीं लड़ेंगे, तो कौन लड़ेगा? आप बिलकुल चुप हों, उन मुद्दों पर आपको बोलना चाहिए।



>>> बॉलीवुड <<<

# दिलजीत दोसांझ ने एमी में मचाया धमाल, आलिया भट्ट बोलीं - आप बहुत चमक रहे हैं!

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने लोकप्रिय पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ को प्रशंसित फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में उनके प्रदर्शन के लिए 'इंटरनेशनल एमी पुरस्कार' के लिए नामांकित होने पर बधाई दी। इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित इस फिल्म में दोसांझ ने पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला की भूमिका निभाई थी, जिनकी 1988 में 27 साल की उम्र में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस फिल्म में अभिनेत्री परिणिति चोपड़ा ने भी अभिनय किया है। दोसांझ को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता की श्रेणी के लिए चुना गया है। साथ ही इस फिल्म को टीवी फिल्मध्मिनी-सीरीज श्रेणी में भी नामांकित किया गया है। वर्ष 2016 की फिल्म 'उड़ता पंजाब' में दिलजीत दोसांझ के साथ काम कर चुकीं भट्ट ने शनिवार को 'इंस्टाग्राम' पर कहा, ''दिलजीत दोसांझ और इस रत्न में शामिल टीम को बधाई! वाकई बहुत चमक रहे हैं।'' सर्वश्रेष्ठ अभिनेता श्रेणी में, दोसांझ का मुकाबला 'लुडविग' (ब्रिटेन) के लिए डेविड मिशेल, 'यो, एडिक्टो' (स्पेन) के लिए ओरियोल प्ला और 'वन हंड्रेड इयर्स ऑफसोलिट्यूड' (कोलंबिया) के लिए डिएगो वास्केज से होगा। फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' अप्रैल 2024 में रिलीज हुई थी और दर्शकों को यह फिल्म बहुत पसंद आई थी और इसके गीतों को भी सराहना मिली थी।



# जानवर द बीस्ट विदिन : अपराध की तह में छिपी है समाज की कड़वी सच्चाई

जब कोई धारावाहिक रोमांचक अपराध कथा को गहन सामाजिक मुद्दों, समृद्ध लोककथाओं, पौराणिक प्रसंगों और मानवीय संवेदनाओं के साथ जोड़ता है, तब यह निश्चित होता है कि आपको एक अद्वितीय देखने योग्य अनुभव मिलने वाला है। जनावर भीतर का दरिंदा बिल्कुल वैसा ही है। एक प्रभावशाली अपराध-रोमांचक कथा, जिसमें भावनाएँ और तीव्रता का ऐसा संगम है कि यह आरंभिक दृश्य से ही आपको बांध लेती है। क्यों जानवर द बीस्ट विदिन आपके सप्ताहांत देखने की सूची में होना चाहिए 1. अपराध का ऐसा जाल जो बनाए रखता है उत्सुकता एक सिरकटी लाश, लापता हुआ सोना और रहस्यमय ढंग से गायब हुआ व्यक्तिकृजनावर दृ भीतर का दरिंदा आपको सीधे एक भयावह और अस्थिर कर देने वाली रहस्यमय दुनिया में पहुंचा देता है। हर मोड़ एक नई परत खोलता है और आपको लगातार यह सोचने पर विवश करता है कि वास्तविक अपराधी कौन है, कौन क्या छिपा रहा है और इन सभी सूत्रों का आपस में क्या संबंध है। 2. नायक जो फंसा है दो पाटों के बीच उप-निरीक्षक हेमंत (भुवन अरोड़ा) पारंपरिक नायक नहीं हैं। वह अपनी कर्तव्यनिष्ठा और निजी संघर्षों के बीच जूझते हुए व्यक्ति हैं। उनकी यह यात्रा, जिसमें संवेदनशीलता और तीव्रता दोनों हैं, दर्शकों को उनसे भावनात्मक रूप से जोड़ती है और कथा में गहराई उत्पन्न करती है। 3. जाति और



पहचान की पड़ताल रोमांच और रहस्य से परे, जनावर भीतर का दरिंदा समाज की कठोर सच्चाइयों से टकराती है विशेष रूप से जातिगत भेदभाव और व्यवस्था की कड़वी वास्तविकताओं से। मूल रूप से यह कथा है पहचान, गरिमा और स्वीकार्यता के संघर्ष की, जो इसे उतना ही सार्थक बनाती है जितना रोचक। 4. भुवन अरोड़ा का प्रभावशाली अभिनय फर्जी में दर्शकों का दिल जीतने के बाद, भुवन अरोड़ा एक बार फिर उप-निरीक्षक हेमंत कुमार के रूप में अपनी प्रतिभा सिद्ध करते हैं। उनके अभिनय में संवेदनशीलता और कठोरता का संतुलित मेल दिखाई देता है, जिससे यह उनके सबसे प्रभावशाली पात्रों में से एक बन जाता है। 5. शचिन्द्र वत्स का सशक्त निर्देशन निर्देशक शचिन्द्र वत्स अपराध, सामाजिक टिप्पणी और मानवीय नाट्य को अत्यंत संतुलन से पिरोते हैं। उनकी निर्देशन शैली कथा को वास्तविकता से जोड़कर रखती है और साथ ही तनाव व रोमांच को निरंतर बढ़ाती है। यही कारण है कि जनावर दृ भीतर का दरिंदा उतनी ही सोचने पर विवश करती है जितनी रोमांचक है। शक्तिशाली अभिनय, डूबो देने वाली कथा और रहस्य से भरपूर हत्या-रहस्य के साथ, जनावर भीतर का दरिंदा वह धारावाहिक है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक राजू वर्मा द्वारा वैष्णवी प्रिन्टिग प्रेस 5 ई-288-वृन्दावन कालोनी, रायबरेली रोड, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित एवं सदघू गांव बसंतपुर कलिका नवाबगंज जिला बहराइच उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
प्रधान संपादक राजू वर्मा मो0 9628273626,7905438726 EMAIL.benakabbharstachar@gmail.com इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों का विवाद बहराइच न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK